

MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 172 | ग्वालियर, 2 शनिवार मार्च 2024 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए



## सीएम मोहन यादव ने 10 की जगह एक तारीख को डाली लाडली बहनों के खाते में

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लाडली बहन योजना के तहत महिलाओं के खाते में 1250 रुपये की राशि डाल दी है. यह राशि उन्होंने उज्जैन में विक्रमोत्सव के उद्घाटन समारोह के दौरान खातों में ट्रांसफर की. इस बार 10 तारीख की जगह एक तारीख को ही लाडली बहनों के खाते में राशि पहुंच गई है. इसके पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं.दरअसल, एक मार्च से उज्जैन में विक्रमोत्सव, उज्जैनी व्यापार मेला और रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव का शुभारंभ हो गया है. इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन पहुंचे. उन्होंने कालिदास अकादमी आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 1250




रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी.

**मुख्यमंत्री ने त्यौहारों को बताया कारण**–मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक मार्च को ही खाते में राशि ट्रांसफर करने के मामले में बयान देते हुए कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि पर्व, होली उत्सव आदि मनाया जा रहा है. इसी बात को ध्यान में रखते हुए लाडली बहनों के खाते में 10 के स्थान पर एक मार्च को ही राशि डाल दी गई है. चर्चा में यह भी कहा जा रहा है कि आचार संहिता के पहले राशि को स्थानांतरित किया गया है. हालांकि इस योजना का आचार संहिता का इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा, फिर भी राशि को पहले ही डाल दिया गया है.

**सवा करोड़ महिलाओं को मिल रहा लाभ**–बता दें कि मध्य प्रदेश में सवा करोड़ से ज्यादा महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है. लाडली बहन योजना विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी के लिए वरदान साबित हुई है. ऐसा माना जा रहा है की लाडली बहन योजना का असर लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा. इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस योजना को सतत रूप से चलने का एलान भी नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पहले ही कर दिया है.

## लोकसभा चुनाव से पहले मायावती के भतीजे आकाश आनंद को मिली y + सुरक्षा, मोदी सरकार का फैसला

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद को प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी है. केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है. मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही खतरा बढ़ गया था.बता दें कि आकाश आनंद को वाई प्लस सुरक्षा करीब एक महीना पहले ही मिल गई थी. हालांकि सुरक्षा मिलने के बाद वे आज पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में फरीदाबाद गए तभी ये बात सामने आई. फरीदाबाद में आज संकल्प यात्रा का कार्यक्रम था, सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा इस कार्यक्रम का पूरा नाम है.

क्या होती है Y प्लस सुरक्षा

बता दें कि Y कैटेगिरी की सुरक्षा खतरे को देखते हुए दी जाती है. Y प्लस श्रेणी में आर्म्ड पुलिस के 11 कमांडो तैनात किए जाते हैं और इसके साथ ही 5 पुलिस के स्टैटिक जवान भी रहते हैं.बता



दें कि लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का नेतृत्व करने के लिए अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था. आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक के आधिकारिक पद पर हैं. मायावती ने कहा था कि वह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की कमान संभालती रहेंगी, लेकिन आकाश आनंद अन्य राज्यों के संबंध में फैसले लेंगे.

## योगी के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बोले अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पेपर लीक मामले में सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेपर लीक कराकर नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश से बीजेपी का सफाया होगा. वहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यूपी में होने वाले कैबिनेट विस्तार को लेकर कहा कि हमें उम्मीद है की जो सपा से गए हैं वह भी शपथ लें, हमारी पार्टी के लोग शपथ ले रहे हैं कि नहीं. सपा प्रमुख लखनऊ में आज (शुक्रवार) प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे. उन्होंने रालोद प्रमुख जयंत चौधरी का नाम लिए बिना इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ने पर भी तंज कसा.

**किसानों को धोखा दिया–अखिलेश यादव**–अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता में आने से पहले बीजेपी ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था. क्या



किसानों की आमदनी दोगुनी हुई? उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने किसानों को धोखा दिया है. अखिलेश यादव ने कहा कि किसान वोट डालने का इंतजार कर रहे हैं. उत्तर प्रदेश से बीजेपी के अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन ने 80 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है. अखिलेश यादव ने बीजेपी को 80 सीटों पर हराने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता भी बीजेपी को हराने की शपथ लें.

**पीडीए परिवार को बढ़ाने की कोशिश में है सपा**–छुट्टे मवेशियों के मुद्दे पर भी उन्होंने प्रदेश की बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के राजभवन जाने वाले रास्ते में आवारा पशु नहीं मिला. अखिलेश यादव ने कहा कि सपा इंडिया एलायंस को आगे ले जा रही है. सपा इंडिया एलायंस के साथ-साथ पीडीए परिवार को बढ़ाने की लगातार कोशिश में है. हमें पूरा भरोसा है आने वाले समय में बीजेपी का उत्तर प्रदेश से सफाया होगा. उन्होंने कहा कि अन्याय, अत्याचार और भेदभाव के खिलाफ पीडीए खड़ा है. झांसी में पुष्पेंद्र यादव के एनकाउंटर का भी उन्होंने मुद्दा उठाया. अखिलेश यादव ने पूछा कि पति की हत्या के बाद पत्नी ने भी खुदकुशी कर ली. क्या एनकाउंटर करनेवाले अधिकारियों पर कार्रवाई हुई?

## कुबेश्वर धाम में शिव महापुराण कथा की तैयारियां तेज, इंदौर-भोपाल रूट पर नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

मध्य प्रदेश में 7 मार्च से 13 मार्च तक इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर सफर करने वालों के लिए जरूरी खबर है. जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम चितावलिया हेमा स्थित पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में 7 मार्च से 13 मार्च तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात सुगम बनाए रखने के लिए मार्गों का डायवर्सन किया गया है. आयोजन समिति द्वारा जिला प्रशासन को पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की जानकारी दी गई है.कार्यक्रम के दौरान आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में उज्जैन से दर्शन करके आने वाले श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम के कार्यक्रम में भी सम्मिलित होंगे. शिवमहापुराण कथा में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से सड़क मार्ग द्वारा आवागमन होगा, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी.ऐसे में भोपाल से इन्दौर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भोपाल से श्यामपुर, ब्यावरा होते हुए इन्दौर जाने की व्यवस्था की जाएगी. तूमडा दोराहा मोड़ होते हुए इन्दौर से भोपाल जाने वाले भारी वाहनों को देवास से ब्यावरा, श्यामपुर होते हुए भोपाल जाना पड़ेगा.




**पांच से 13 मार्च तक डायवर्ट रहेगा रास्ता**–पांच से 13 मार्च तक आयोजित शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारी यातायात को सीहोर-आष्टा हाईवे मार्ग से संचालित न कर डायवर्सन किया गया हैं. इसके अतिरिक्त भोपाल से सीधे आष्टा, देवास, इंदौर जाने वाले सभी छोटे वाहन और यात्री बस सीहोर स्थित क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ और अमलाहा होते हुए इंदौर की ओर जाएंगे.इसी प्रकार इंदौर से भोपाल सीहोर जाने वाले वाहन अमलाहा से भाऊखेड़ी जोड़ और क्रिसेंट चौराहा होते हुए सीहोर, भोपाल जा सकेंगे.



# दतिया पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



संदीप प्रधान उप संपादक
दैनिक पुष्पांजलि टुडे

हम बता दें आपको की 29 मार्च 2024 को दतिया प्रवास के दौरान उन्होंने अपनी विधानसभा के एक कार्यक्रम के दौरान जब उनसे कार्यकर्ताओं ने कहा कि आप तो हीरा हो हीरा की मांग हर कोई करेगा यह तो हम सबको पता है लेकिन हम आपको खोना नहीं चाहते डॉ मिश्रा कार्यकर्ताओं की हर एक-एक बात सुनते रहे जब एक कार्यकर्ता ने कहा की दतिया की जनता आपके साथ है और आपके साथ थी और आपके साथ रहेगी अपने दतिया के लिए बहुत कुछ किया है फिर क्या हुआ डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि अगर आप लोग कहते हैं तो नहीं लड़ूंगा चुनाव लोकसभा चुनाव पहुंचा दूंगा आपकी बात दिल्ली तक

# बॉक्सिंग कोच की नियुक्त कराने के लिए बच्चों ने कलेक्टर के नाम एडीएम को सौपा अनुरोध पत्र

## जिले के बच्चों में टेलेंट हैं,पर सुविधाओं का है अभाव

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। बॉक्सिंग सेंटर शा. उ. मा. वि. न. 1 भिण्ड में लगभग 30 बच्चे काफी समय से बॉक्सिंग सीख रहे हैं,लेकिन कुछ दिन पूर्व बच्चों को बॉक्सिंग सिखा रहे कोच ने किसी कारणवश इस्तीफा दे दिया है,जिस कारण बॉक्सिंग सीख रहे बच्चों की नियमित प्रेक्टिस नहीं हो पा रही हैं।बॉक्सिंग कोच की नियुक्ति कराने के लिए बच्चों ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर भिंड कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर श्री राजकुमार खत्री को एक अनुरोध पत्र सौपा।एडीएम श्री खत्री ने बच्चों की मांग पर बॉक्सिंग की नियमित प्रैक्टिस के लिए जल्द ही कोच की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। अपर कलेक्टर श्री खत्री ने बॉक्सिंग सीख रहे



बच्चों की खेल के प्रति रुचि को देखते हुए शाबाशी देते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं ।जिला भिण्ड के बच्चों में शिक्षा के अलावा खेल के प्रति विशेष लगाव एवं टेलेंट भरा प?ा है,किंतु जिले में अभी भी सुविधाओं का बहुत अभाव है। जिले के बच्चों की खेल के प्रति बड़ती रूचि को देखते हुए अगर जिले में और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये तो निश्चित ही भविष्य में भिण्ड का नाम देश दुनिया में और उच्च स्तर पर जाना जाएगा। अनुरोध पत्र सौपने वालों में आर्यन सिंह तोमर,ब्रजेंद्र सिंह भदौरिया,वेदांशु त्रिपाठी,आदित्य सिंह राजावत,सार्थक आदि बच्चे उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव-2024प्रचार सामग्री की दरों के निर्धारण के लिए हुई बैठक

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे



लोकसभा निर्वाचन-2024 में राजनीतिक दल एवं निर्वाचन ल?ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन प्रचार प्रसार सामग्री की दरों के निर्धारण के लिए आज 01 मार्च को राजनीतिक दलों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई एवं चर्चा कर दरों का निर्धारण किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जे एस बघेल, ि?ला कोषालय अधिकारी श्री आनंद पटले, री प्राविंद येसिकर, लेखाधिकारी ि?ला पंचायत, श्री रितुराज सिंह चौहान लेखाधिकारी, श्री हेमंत पाटीदार सहायक लेखाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजस्व, कृषि एवं पंचायत विभाग का अमला अतिवृष्टि से फसलों को हुई क्षति का कर रहा है सर्वे



खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे

जिले में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर जिला प्रशासन संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से फसलों, पशुओं एवं सम्पत्ति को हुई क्षति का सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वे का कार्य राजस्व, कृषि, एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।राजस्व विभाग के पटवारी, कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्राम पंचायत के सचिव के दल द्वारा मौके पर जाकर अतिवृष्टि से हुई नुकसान का जायजा लिया जा रहा है और पात्रता के अनुसार राहत राशि वितरण के लिए आरबीसी 6-4 के अंतर्गत राहत प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। राहत राशि के प्रकरण शीघ्रता से तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे प्रभावित किसानों एवं लोगों के खातों में पात्रता के अनुसार राहत राशि शीघ्रता से जमा करायी जा सकेगी। एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा सर्वे कार्य की निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि श्री एमएल चौहान द्वारा आज 01 मार्च को सेगांव क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया।

# अब 10 मार्च तक चलेगा राजस्व महाअभियान

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे

लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये अब 10 मार्च तक राजस्व महाअभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राजस्व महाअभियान 10 मार्च तक बड़ाया गया है ताकि किसानों के अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा सकें। इस अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शे पर तरमीम संबंधी प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण किया जा सकेगा। जिले एवं तहसील स्तर पर प्रतिदिन प्रकरणों के निराकरण की मॉनीटरिंग के लिये राजस्व महाभियान में समय-सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया था

# बॉयो फ्यूल ऑयल चोरी करने वाले आरोपियों को भिण्ड पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 30 हजार लीटर बॉयो फ्यूल ऑयल तथा 02 टेंकर जप्त

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव,एएसपी संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में बॉयो फ्यूल चोरी करने वाले 05आरोपियों को ऊमरी पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी हुए 13,20,000 रुपये कीमती 30 टन बॉयो फ्यूल ऑयल, 50 हजार रुपये नगदी सहित 02 टेंकरों को जप्त करने में सफलता प्राप्त की।दिनांक 18/02/2024 को थाना क्षेत्र ऊमरी के ग्राम खैरा में एक बॉयो फ्यूल ऑयल टेंकर के पलटने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसकी तस्दीक की गई तस्दीक के दौरान घटनास्थल पर पलटे टेंकर तथा टेंकर से फैले बॉयो फ्यूल ऑयल को देखकर टेंकर पलटने की घटना संदिग्ध प्रतीत हुई जिस पर से पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव द्वारा थाना प्रभारी ऊमरी को घटना की विस्तृत जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। जांच के दौरान बॉयो फ्यूल ऑयल का व्यवसाय करने वाले माँ भगवती इंटर प्राइजेज समस्तीपुर बिहार फर्म के मालिक कृष्णदेव झा निवासी ग्राम व पोस्ट कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार ने बताया कि दिनांक 13/02/2024 को उसने स्टार बॉयो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड बामौर मुरैना से 17,72,642 रुपये कीमती 33,915 कि.ग्रा. बॉयो फ्यूल ऑयल खरीदा था जिसे ट्रांसपोर्टर के माध्यम से टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 2380 बामौर मुरैना से भरवाकर



समस्तीपुर बिहार के लिये निकला था। दिनांक 18/02/2024 को टेंकर के ड्राइवर ने फर्म मालिक को फोन करके बताया कि बॉयो फ्यूल ऑयल से भरा टेंकर ग्राम खैरा थाना ऊमरी पर पलट गया है,लेकिन जब मौके पर देखा तो बहुत कम बॉयो फ्यूल ऑयल घटनास्थल पर फैला पाया चोरी की शंका होने पर ट्रक मालिक,ड्राइवर, हेल्पर के विरुद्ध थाना ऊमरी में अपराध क्र. 35/2024 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान टेंकर मालिक व टेंकर के चालकों से पूछताछ की गई जिनके द्वारा उक्त टेंकर में से 24 टन बॉयो फ्यूल ऑयल योजनाबद्ध तरीके से देवरतन ढाबा नूराबाद में टिल्लूपंप से निकालकर एक अन्य साथी की मदद से टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 1339 के मालिक को बेचना बताया तथा टेंकर में शेष बॉयो फ्यूल ऑयल को ग्राम खैरा के पास योजनाबद्ध तरीके से पलट देना बताया। विवेचना के दौरान टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 2380 जिसमें करीब 6 टन ऑयल शेष है तथा टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 1339 जिसमें करीब 24 टन बॉयो फ्यूल भरा है को जप्त कर टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 2380 के मालिक व दो चालक, टिल्लू पंप से तेल निकालने वाले व बॉयो फ्यूल खरीदने वाले टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 1339 के मालिक को गिरफ्तार किया जाकर जेआर पर पेश किया गया।आरोपीगण रामविलास पुत्र कालका सिंह तोमर उम्र 48 साल निवासी सिद्ध नगर अंबाबाई पास मुरैना (टैंकर क्रमांक एमपी 06 एचसी 2380 का मालिक),राधाचरण तोमर पुत्र कालिका सिंह तोमर उम्र 35 साल निवासी मुरैना (टैंकर चालक),हनुमंत पुत्र रामबरन सिंह तोमर उम्र 31 साल निवासी सिद्ध नगर मुरैना (टैंकर चालक),रामकिशोर उर्फ रिंकू बघेल पुत्र राम अवतार बघेल उम्र 30 साल निवासी ग्राम अटा थाना सुमावली तहसील जोरा जिला मुरैना (टैंकर मालिक तोमर से ऑयल खरीदने वाला),बलवीर सिंह परमार उम्र 45 साल निवासी ग्राम चौरई मुरैना(ऑयल को खरीदकर अपने टैंकर क्रमांक एमपी 06 एचसी 1339 में भरकर ले जाने वाला) पर कार्यवाही की गई।

**जप्त मसरूका** - टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 2380 कीमती 15,00,000 रुपये,टेंकर क्र. एमपी 06 एचसी 1330 कीमती- 15,00,000 रुपये,30 टन बॉयो फ्यूल ऑयल कीमत 13,20,000 रुपये,घटना में प्रयुक्त एक टिल्लू पंप,नगदी 50,000 रुपये

उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक भान सिंह सिसौदिया, नीतेन्द्र मावई,एएसआई सत्यवीर सिंह,आरक्षक आनंद दीक्षित सायबर सैल भिण्ड,प्रधान आरक्षक आशीष तिवारी,आरक्षक धर्मपाल परिहार,आलेश यादव,राहुल तोमर, प्रताप रजक,नीलेश तोमर,कुलदीप जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 22 लाख 80 हजार रुपये के अवैध गांजे के साथ तीन तस्कर वाहन सहित गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों धरपकड हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियो को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी गोहद दीपक तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एण्डोरी उपनिरीक्षक परशुराम अहिरवार को दिनांक 29/02/2024 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि थाना क्षेत्रान्तर्गत बाराहेट से मोनपुरा रोड पर एक सफेद रंग की स्पिट डिजायर कार खडी है जिसमें गाँजा भरा हुआ है तथा तीन सर्दिग्ध व्यक्ति बैठे है। उक्त सूचना के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। प्राप्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी एण्डोरी द्वारा स्थान बाराहेट मोनपुरा रोड आसन नदी के पुल से पहले पहुँचे तो एक सफेद रंग की कार दिखी पुलिस टीम द्वारा उक्त कार की घेराबन्दी की गई तो पुलिस टीम को देखकर कार में बैठ सदिग्ध व्यक्ति भागने लगे तो पुलिस टीम द्वारा तीनो लोगों का पीछा कर पकड लिया गया तथा कार क्र. एचआर 55 एएम 8681 की तलाशी लेने पर उक्त कार में से 14 पेकिट मिलें जिसें खोलकर देखा तो उक्त पैकिट के




अन्दर गाँजा भरा हुआ था जिसका कुल बजन 76 किलो 742 ग्राम को बरामद किया गया उक्त घटना के सम्बन्ध में आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) जप्त किया जाकर थाना एण्डोरी में अपराप क्र. 25/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर नियमानुसार विवेचना में लिया गया।

**बरामद मशरुका** - गाँजा 76 किलो, 742 ग्राम गाँजा,कीमती, 22,80,000/- रुपये,एक स्पिट डिजायर कार,कीमती 3,00,000/- कुल बरामद माल मशरुका कीमती 25,80,000/- रुपये।

उक्त अवैध गाँजें के सम्बन्ध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है जिसमें और भी खुलासा होने की सम्भावना है आरोपियों पर पूर्व में भी कई अपराध दर्ज हैं जिनकी जानकारी प्राप्त की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका** - थाना एण्डोरी थाना प्रभारी एण्डोरी उपनिरीक्षक परशुराम अहिरवार, सउनि रामप्रकाश शर्मा,प्रधान आरक्षक पवनकुमार, आरक्षक नारायण,संजय,पंकज शर्मा,जसवन्त, ज्ञानसिंह,रजित,दिनेश, सोहनलाल, योगेन्द्र किरार।

थाना प्रभारी बरोही उपनिरीक्षक अतुल भदौरिया,प्रधान आरक्षक त्रिवेन्द्र,आरक्षक ओमवीर, समरजीत, अनिल ।

**सायबर सेल टीम** - सायबर सेल निरीक्षक दीपेन्द्र यादव,एएसआई सत्यवीर सिहं,प्रधान आरक्षक महेश कुमार,सतेन्द्र यादव,आरक्षक आनन्द दीक्षित,आरक्षक राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# थाना पुरानी छावनी पुलिस ने कार सवार दंपत्ति के साथ हाईवे पर लूट करने वाले शातिर लुटेरे को लूटे गये मशरूका सहित किया गिरफ्तार

## पकड़े गये आरोपी के खिलाफ ग्वालियर सहित आसपास के अन्य जिलों में 20 से अधिक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा शहर में हो रही लूट की बारदातों को गंभीरता से लेते हुए उन पर अंकुश लगाने व लुटेरों की शिनाख्त कर पकड़ने हेतु सभी थाना प्रभारियों को टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 29.02.2024 को पुरानी छावनी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 29.01.2024 को थाना पुरानी छावनी क्षेत्रान्तर्गत निरावली से झांसी वाले वायपास के पास कार सवार दंपति के साथ हुई लूट की घटना कारित करने वाला एक बदमाश अपने गांव पारसेन थाना बिजौली में देखा गया है। उक्त सूचना पर से एसपी ग्वालियर ने अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (उत्तर) श्री षियाड़ के.एम.,भापुसे को थाना थाना पुरानी छावनी पुलिस की टीम बनाकर लूट के आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिये।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पुरानी छावनी निरीक्षक विनय सिंह तोमर के द्वारा थाना पुरानी छावनी पुलिस की एक टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.02.2024 को ग्राम पारसेन थाना बिजौली जिला ग्वालियर निवासी एक आरोपी को पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी से उक्त लूट की घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया लेकिन गहनता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कार सवार दंपति के साथ अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर लूट करना बताया। पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कट्टा मय जिंदा राउण्ड एवं फरियादिया के कान के दो बाले बरामद किये गये हैं। थाना पुरानी छावनी पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी को अपराध क्र. 37/2024 धारा 394 ताहि 11.13 एमपीडीपीके एक्ट में विधिवत गिरफ्तार किया जाकर जिले में हुई अन्य लूट की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये आरोपी के फरार साथी की भी पुलिस द्वारा तलाश की गई तो आरोपी वर्तमान में फरार चल रहा है। पकड़े गये शातिर लुटेरे के खिलाफ ग्वालियर जिले के अलावा भिण्ड, मुरैना, दतिया जिले के विभिन्न थानों में लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, चोरी, नकबजनी व आर्म्स एक्ट के 20 से अधिक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।ज्ञात हो कि दिनांक 29.01.2024 को फरियादिया श्रीमती ज्योति शुक्ला निवासी द्रविड नगर इन्दौर थाना पुरानी छावनी पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दिनांक 29.01.2024 को अपने पति के साथ कार से नोएडा से अपने मायके दमोह जा रही थी। निरावली से झांसी वाले वायपास के पास मदीना होटल से पहले मेरे पति के फोन पर किसी का फोन आया तो वह गाड़ी साईड में खड़ी करके बात करने लगे तभी एक मोटर साइकिल पर सवार दो लड़के कार के पास आये और दोनों ने अपने-अपने हाथ में कट्टा लेकर हम दोनों के ऊपर लगा दिये और बोले कि अपना सामान निकालकर हमे दो। डर के कारण मैंने अपने कानों के बाले तथा एक अंगूठी निकालकर एक लड़के को दे दी तथा उसी लड़के ने मेरे गले से सोने की चेन खीच ली जो आधी टूटकर गाड़ी में गिर गई तथा आधी चेन वह छीनकर ले गया। दूसरे लड़के ने मेरे पति के हाथ से एक सोने की अंगूठी छीनकर मुरैना की तरफ अपनी मोटर साईकिल लेकर भाग गये। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना पुरानी छावनी में अपराध क्र. 37/2024 धारा 394 ताहि 11.13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया।

**बरामद मशरूकाः** लूटे गये सोने के दो बाले एवं घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कट्टा मय जिंदा राउण्ड के जप्त किया गया।

**सराहनीय भूमिकाः** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पुरानी छावनी निरीक्षक विनय सिंह तोमर, सउनि धर्मेंद्र सिंह चौहान, आर. राम सिंह तोमर, विक्रम सिंह तोमर, अशोक सिंह गुर्जर, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, रामसेवक मावई, नेतराम रावत, रवि कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही है।

# तनक झुक जाओ रघुराई, किशोरी मेरी छोटी है-किशोर चंद रामायणी



दैनिक पुष्पाजली टुडे

गोहद। भोनपुरा गांव में श्री राम कथा का आयोजन 26 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है जिसके चलते शुक्रवार को कथा वाचक पंडित किशोर चंद जी रामायण बीकानेर वालों के मुखारविंद से कथा कही गई इस दौरान सीता स्वयंवर की कथा का सुंदर चित्रण किया गया ।जिसमें तथा व्यास ने कहा की दस हजार राजाओं ने सीता स्वयंवर के लिए रखे गए शिव धनुष को एक साथ मिलकर नहीं तोड़ पाया जिस पर जनक जी ने कुछ तीखे वचन कहे उन वचनों को सुनकर लक्ष्मण जी ने क्रोध दिखाया और बोले कि भईया राम के होते हुए आपने कैसे कह दिया कि प्रथ्वी वीरों से खाली है। लक्ष्मण को क्रोधित होते देख गुरु जी ने कहा कि हे राम आप खड़े होकर सभी का संशय दूर करो और धनुष को तोड़ो गुरु के वचन सुनकर कर रामजी ने धनुष को तोड दिया जिस पर सीता जी वर माला डालने के लिए आई तो राम जी की ऊंचाई अधिक होने से सीता वरमाला नहीं डाल सकी जिसको लेकर सखियों ने आग्रह करते हुए राम जी से कहा कि जरा झुक जाओ रघुराई किशोरी मेरी छोटी है। जब राम जी नहीं झुके तब लक्ष्मण ने अपनी सूझबूझ से राम जी के चरणों में जैसे ही प्रणाम करने के लिए झुके तो राम जी ने लक्ष्मण जी को उठाया तभी सीता जी ने वरमाला उनके गले में डाल दी श्री राम कथा में श्री प्रदुम्न सिंह तोमर, पूर्व विधायक संजू कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ नेता पहुंचे



# राहुल गांधी की यात्रा के स्वागत में लाखों लोग पहुचेंगे : डॉ. हिंडोलिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मुरैना - ग्वालियर आगमन को लेकर कांग्रेस नेताओं ने तैयारियां की है,भिण्ड-दतिया लोकसभा के संभावित उम्मीदवार प्रोफेसर डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया ने जिला भिण्ड एवं दतिया के समूचे क्षेत्र में विगत एक महीने से शहर के वार्डों,कस्बे एवं गांवों में जनसंपर्क कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भारत जोड़ो यात्रा में पहुँचने की अपील की है।

# अग्निवीर भर्ती की तैयारी हेतु जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क कोचिंग की जा रही व्यवस्था

## इच्छुक आवेदक 28 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

कोरबा 20 फरवरी 2024/भारतीय थल सेना मे अग्निवीर भर्ती हेतु जिला प्रशासन द्वारा इच्छुक आवेदकों को लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क आवासीय कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 01 मार्च 2024 से लाईवलीहुड कॉलेज में अग्निवीर भर्ती हेतु तैयारी कराई जाएगी। साथ ही संस्थान में आवेदकों को फिजिकल ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। जिसमें 5 किलोमीटर दौ?,



लम्बी कूद, पुल अप आदि का भी प्रशिक्षण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में कुल 200 छात्रों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके अंतर्गत कुल 100 छात्रों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण एवं 100 छात्रों को गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज से 15 किलोमीटर से अधिक दूरी में निवासरत आवेदकों को निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

# दो दिवसीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन आज से उज्जैन में जिला स्तरीय कार्यक्रम चोरहटा में

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**

।विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा औद्योगिक विकास एवं रोजगार बड़ाने के उद्देश्य से एक एवं दो मार्च को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ की भूमि आवंटित की जायेगी। आठ हजार करोड़ से अधिक के उद्योगों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन होगा। जिससे प्रदेश में 17000 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। औद्योगिक सम्मेलन का शुभारंभ समारोह कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन परिसर में होगा। इस अवसर पर बायर एवं सेलर मीट का आयोजन कार्यकम भी होगा जिसमें 662 बायर व 2553 सेलर भाग लेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम किया जायेगा। एमपी इन्डस्ट्रियल डवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र रीवा एवं गुड़ में स्थापित इकाईयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम जिला स्तरीय आयोजन में शाखा कार्यालय पानी की टंकी के पास चोरहटा में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल होंगी। कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि रीवा जिले के औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार चोरहटा रीवा की मेसर्स प्रकाश ओवरसीज प्रा.लि., मेसर्स राजेश तिवारी, मेसर्स राजकुमार चावला, मेसर्स विजय बुधवानी, मेसर्स सात्विक इंटरप्राइजेज, मेसर्स लक्ष्मी मेटल एण्ड सेनीटेसन, मेसर्स ख्याति पॉलीवेव प्रा. लिमि. एवं औद्योगिक पार्क गुड़ एवं रीवा की मेसर्स दिव्य आहार फूड प्राइवेट लिमि. मेसर्स मॉ कृपा इंडस्ट्रीज प्रा.लि. मेसर्स कमल फिलिंग स्टेशन कुल 10 इकाईयों में से 7 इकाईयों के भूमिपूजन एवं 3 इकाईयों का लोकार्पण होगा। जिसमें कुल 49.14 करोड़ का पूँजी निवेश एवं 196 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा

# डाकघरों द्वारा किया जा रहा है प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत हर घर सोलर बिजली योजना का सर्वे

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )**

।केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर योजना यानि हर छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए डाक विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इस योजना के तहत ग्राहकों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। इसके लिए उपभोक्ता के घरों के छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे सूर्य की किरणों की मदद से बिजली का उत्पादन होगा। यह बिजली पावर ग्रिड से मिलने वाली बिजली से सस्ती होगी।रीवा डाक अधीक्षक श्री एस.के. राठौर ने बताया कि इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक मोबाइल एप के जरिए घर-घर जाकर पंजीकरण करेंगे। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत निःशुल्क पंजीकरण कराने के लिए इच्छुक ग्राहक को अपना मोबाइल नंबर और पिछले छह महीने में किसी भी माह का का बिजली बिल अपलोड करना होगा। सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए पक्का छत या फिर खुला क्षेत्र होना चाहिए।उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत लोगों भारत सरकार के तरफ से सब्सिडी दी जायेगी। सोलर प्लांट लगाने से लोगों को प्रतिमाह 300 यूनिट तक सालाना 3600 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 30 हजार प्रति किलोवाट के दर से अधिकतम दो किलोवाट तक के लिए शत प्रतिशत सब्सिडी दिया जायेगा जबकि तीन किलोवाट या उससे से अधिक के सोलर पैनल प्लांट लेने पर एकमुस्त कुल 78 हजार तक सब्सिडी दी जायेगी। बता दें कि सोलर सिस्टम का स्टैंडर्ड लाइफ 25 वर्ष तक होता है।

# रेडक्रास सोसायटी को उद्योगपतियों द्वारा प्रदान की गई 83 हजार रुपए की राशि

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।.**

कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल को जनहितार्थ गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए सहयोग के तौर पर उद्यमियों द्वारा 83 हजार रुपए की राशि सौंपी गई। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपूत गन सर्विस के एमडी गुरमीत साहनी एवं खन्ना पॉलिबियर प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राजीव खन्ना द्वारा 31-31 हजार रुपए तथा बद्रिका आटो मोबाइल्स के एमडी सुनील सिंह द्वारा 21 हजार रुपए की सहयोग राशि भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा इकाई को प्रदत्त की गई। कलेक्टर ने उद्योगपतियों को इस सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए जिले के अन्य उद्योगपतियों व व्यापारियों से सहयोग के कार्य में आगे आने का आह्वान किया है।

# समग्र से आधार लिंकिंग की कार्यवाही न करने पर जनपद के सीईओ का रोक गया वेतन

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के हितग्राहियों की समग्र से आधार लिंकिंग की कार्यवाही न करने पर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का फरवरी माह का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिले में 1041729 हितग्राहियों के लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 66308 हितग्राहियों का ई केवाईसी किया गया जो काफी कम है। उन्होंने इस कार्य को अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा आधार लिंकिंग कार्य में पर्याप्त रूचि न लेने पर प्रगति अपेक्षित नहीं रही जिससे कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद का वेतन रोका गया है।

# राज्यपाल ने संपूर्ण गतिविधियों के लिए रेडक्रॉस रीवा को किया सम्मानित




रीवा। प्रदेश स्तरीय अति उत्तम सेवा का दिव्यांग सेवार्थ एवं संपूर्ण गतिविधियों के उत्तम संचालन एवं कार्य हेतु राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा राजभवन भोपाल में रेडक्रास रीवा को सम्मानित किया गया। राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल की अध्यक्षता में प्रदेश के चेयरमेन डा.गगन कोल्हे, वाइस चेयरमैंन भरत झवर, सचिव प्रदीप त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष, शशांक श्रीवास्तव, ए सी एस श्री शुक्ला, अखिल भारतीय रेडक्रॉस की प्रतिनिधि डा. वंशी सिंह, प्रदेश के सभी जिलों के चेयरमेंन, सचिव एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों के समक्ष वार्षिक साधारण सभा का आयोजन राज भवन भोपाल में संपन्न हुआ। इस आयोजन में रीवा रेड क्रॉस सोसाइटी को ÷÷ अति उत्तम सेवा दिव्यांग सेवार्थ एवं संपूर्ण गतिविधियों के लिए ÷÷ विशेष रूप से सम्मानित किया गया, रीवा रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमेंन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव डॉ विनोद श्रीवास्तव एवं डॉ श्री राम चतुर्वेदी ने पुरस्कार ग्रहण किया। राज्यपाल ने रीवा की गतिविधियों की प्रशंसा की तथा इसे और अधिक बड़ाने के लिए भी राज्यपाल ने प्रोत्साहित किया। सिकल सेल,निःक्षय मित्र एवं रक्तदान बड़ाने के लिए निर्दिष्ट किया।

# पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों की गिरफ्तारी पर किया ईनाम घोषित

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेन्द्र कुमार जैन ने विभिन्न अपराधिक प्रकरणों में फरार 6 अपराधियों की गिरफ्तारी पर ईनाम की घोषणा की है। इन अपराधियों को गिरफ्तार करने अथवा गिरफ्तार करने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले को ईनाम दिया जाएगा। ईनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन एक्ट के प्रावधानों के अनुसार की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा। पुलिस अधीक्षक ने थाना लौर में दर्ज प्रकरण वीरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी आयु 22 वर्ष तथा अजय चतुर्वेदी आयु 18 वर्ष निवासी ग्राम खीरी बहेरा टोला पर दो-दो हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है। थाना लौर में ही दर्ज अपराधिक प्रकरण में लिप्त तथा घटना दिनांक से फरार जय कुमार चतुर्वेदी आयु 42 वर्ष निवासी ग्राम सेमरिया बहेरा पर एक हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की गई है। इसी तरह थाना लौर में ही दर्ज अपराधिक प्रकरण में आरोपी संजय उर्फ संजय पटेल आयु 25 वर्ष निवासी ग्राम इटहा पर दो हजार रुपए तथा लोकेश सिंह आयु 46 वर्ष निवासी लौरकला पर एक हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक ने थाना शाहपुर में दर्ज हत्या के प्रकरण में अज्ञात आरोपी को बंदी बनाने पर 10 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है।

# मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में की अंतरित

## जिले की 409422 लाड़ली बहनों को मिली राशि

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लाड़ली बहना योजना की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। उन्होंने प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1576 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से खातों में अंतरित की। रीवा जिले की चार लाख नौ हजार 422 लाड़ली बहनों को 50 करोड़ 47 लाख 58 हजार सात सौ रुपए की राशि खातों में अंतरित की गई। इसी तरह लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत जिले में 5384 बालिकाओं को एक करोड़ 88 लाख 44 हजार रुपए की छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम को जिले के अतिरिक्त नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में भी देखा गया। उत्सव पूर्व आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों के साथ अधिकारियों की भी भागीदारी रही। कमिश्नर कार्यालय में एनआईसी कक्ष में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड एवं संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। जबकि जिले के एनआईसी में कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय एवं लाड़ली लक्ष्मी बेटियाँ उपस्थित रहीं।




**मुख्यमंत्री ने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का किया शुभारंभ**

# रीवा जिले की तीन औद्योगिक इकाईयों का लोकार्पण एवं सात इकाईयों का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न





**रीवा(पुष्पांजली टुडे )**

।विकसित मध्यप्रदेश बनाने तथा औद्योगिक विकास एवं रोजगार की उपलब्धता के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उज्जैन में पहले रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का शुभारंभ किया गया। इंडस्ट्री कान्क्लेव में 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ की भूमि आवंटित की गई। इस अवसर पर आठ हजार करोड़ से अधिक के उद्योगों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन हुआ जिससे प्रदेश में 17 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। रीवा जिले के उद्योग विहार चोरहटा इंडस्ट्रियल एरिया में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने तीन इकाईयों का लोकार्पण एवं सात इकाईयों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय व कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि बुनियादी संरचनाओं की उपलब्धता के कारण रीवा जिले में उद्योग स्थापना में वृद्धि हुई है। जिले में शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के समन्वय से उद्योग स्थापना के लिए सकारात्मक वातावरण बना है। रीवा को कनेक्टिविटी का भी लाभ मिल रहा है जिससे नवीन उद्योगों की स्थापना हो रही है। श्री मिश्र ने कहा कि रीवा जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से अधोसंरचना निर्माण व अन्य विकासात्मक कार्य हो रहे है। जिससे अन्य राज्यों के उद्यमी आकर्षित होकर अपने उद्योग स्थापना में रूचि दिखा रहे हैं। रीवा में गुड़, मऊगंज, हनुमना, त्योंथर, डभौरा आदि स्थानों में भी औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति की जा रही है ताकि अधिक से अधिक उद्यमी अपनी इकाईयाँ स्थापित करें और स्थानीय लोगों को रोजगार का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में रीवा के लिए नवीन उद्योगों की स्थापना वरदान साबित होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि सांसद श्री जनार्दन मिश्र एवं उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में रीवा एवं विन्ध्य विकास की धारा में निरंतर आगे बड़ रहा है। वह दिन दूर नहीं जब रीवा औद्योगिक हब के तौर पर जाना जाने लगेगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव संबंधित क्षेत्र में उद्योग को बड़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई की इकाईयाँ भी स्थापित होंगी। उन्होंने कहा कि निर्माण इकाईयाँ जीविका का साधन देती हैं। रीवा जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र जवा, त्योंथर, हनुमना, डभौरा व सिरमौर में उद्योग स्थापना के लिए भूमियों का चयन कर इन्हें एमपीआरडीसी को प्रदान किया जा रहा है ताकि पर्याप्त मात्रा में जमीन की उपलब्धता रहे और उद्यमी सुविधा अनुसार औद्योगिक इकाईयाँ स्थापित कर सकें। उन्होंने उद्यमियों को प्रशासनिक स्तर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इससे पूर्व चेम्बर ऑफ एसोसिएशन के अध्यक्ष उद्यमी राजीव खन्ना ने औद्योगिक क्षेत्र रीवा में मूलभूत सुविधाओं की तरफ अतिथियों का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अन्तर्गत गठित सहकारिता एवं उद्योग समिति की अध्यक्ष डॉ संगीता सोनल शर्मा सहित उद्यमी श्री रूंगटा, श्री गुरमीत साहनी, कमलेश सचदेवा एवं अन्य बड़ी संख्या में उद्यमी व एमपीआईडीसी के केके गर्ग, एसके त्रिपाठी, नवेन्दु शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने किया। तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन एमपीआईडीसी के एग्जक्यूटिव डायरेक्टर यूके तिवारी द्वारा किया गया।

# प्रेमियो! लोगों की जान बचाने का काम करोगे तो गुरु का हाथ आपके ऊपर रहेगा -सन्त उमाकान्त जी महाराज

जिन बच्चों के लिए धन जमा कर रहे हो, उन पर जब दस-दस भूत लगेंगे तो आपके बच्चे जीने-खाने नहीं पाएंगे, सारी मेहनत बेकार जाएगी बंगाल दुःखहर्ता सन्त उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि आप जितने भी कार्यकर्ता हो, गुरु का काम अगर करोगे तब तो गुरु का हाथ आपके ऊपर रहेगा नहीं तो काल और दयाल की यह लड़ाई है। कलयुग ऐसे नहीं जाने वाला है। कलयुग जब जोर लगाएगा तब परमार्थ से आपको हटाएगा। गुरु की दया अगर ठुकराने की कोशिश करोगे तो धोखा खा जाओगे। आप जब काम करोगे, लोगों से मिलोगे, अच्छी-अच्छी बातें लोगों को आप बताओगे, सतसंग सुनाओगे, भाषण बाजी करोगे तो आपको सम्मान मिलेगा लेकिन गुरु के मिशन, संगत के अनुशासन को आप भूल जाओगे तो एक न एक दिन सब (सेवा, कमाई) खत्म हो जाएगा। लाभ और मान क्यों चाहे, पड़ेगा फिर तुझे देना। यह परमार्थी रास्ता है।

**सभी को एक लक्ष्य अपने घर जाने का बनाना है**-आप सब लोगों को अपना लक्ष्य कहां का बनाना चाहिए? अपने असला घर जाने का। अपना घर, अपना वतन यहां नहीं है। अपने को धन्य समझना चाहिए कि चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद आपको एक अवसर (मनुष्य शरीर) मिल गया। आप बहुत से लोगों को यह नहीं मालूम है कि पिछले जन्म में कहां थे- कीड़ा-मकोड़ा, सांप, गोजर, बिच्छू थे या क्या थे, यह आपको नहीं पता है। आप समझो ये चौरासी लाख योनीयां हैं जिनमें (जीवात्मा को) भटकना पड़ता है।

**प्रेमियो! प्रेत योनियों में जाने से लोगों को बचाना है**-बगैर समय पूरा किये हुई मृत्यु को अकाल मृत्यु कहते हैं। आज घर-घर इतने प्रेत क्यों हो गए? एक-एक आदमी पर कई-कई भूत क्यों लग रहे हैं? यह जो हिंसा-हत्या, आदमी मारे जा रहे हैं, मुर्गा बकरा भैंसा गाय बैल काटे जा रहे हैं, सब प्रेत योनियों में जा रहे हैं। प्रेत योनि में बड़ी तकलीफ होती है। पेट बड़ा होता है, नाक बहुत छोटा होता है। उनका भोजन खुशबू सुगंधी होती है। भूख हमेशा लगी रहती है। पेट नहीं भरता है, परेशान रहते हैं, परेशान करते रहते हैं। प्रेत योनि से लोगों को बचाना पड़ेगा। जिन बच्चों के लिए इतना मेहनत करते हो कि मेरे बच्चे का नाम हो जाएगा, मैं धन कमा कर रख लूंगा, बढ़िया मकान गाड़ी घोड़ा छोड़ करके जाऊंगा, इसे सम्मान मिलेगा, वह बच्चे जीने और खाने नहीं पाएंगे, जब एक-एक पर 10-10 भूत लगेंगे तब बच्चे-बच्चियों, कार्यकर्ताओं! सारी मेहनत बेकार चली जाएगी। इसलिए अपने और अपने बच्चों के उत्तम भविष्य के लिए आपको एक निशाना बना करके काम करना है। गुरु का गुलाम बन कर सेवा करो।

**सभी प्रदेशों के लोग एक अनुशासन बना लो, उसके अनुसार काम करो**-देखो कोई भी चीज हो, चाहे संस्था दफ्तर घर समाज कोई हो, जब उसमें अनुशासन चलता है, अनुशासन में जो लोग काम करते हैं, वह आगे बढ़ जाते हैं, उनकी तरक्की हो जाती है। जो अनुशासनहीनता करते हैं, नौकरी से, समाज से निकाल दिए जाते हैं। उनकी कोई कीमत नहीं रह जाती। अनुशासन का, नियम-कानून का पालन करना चाहिए। आप लोग कार्यकर्ता, पूरे प्रदेश के लोग यहां बैठे हो, एक नियम अनुशासन आप बना लो।



# टूटने पर होता है ब्रेकअप जैसा दर्द, शोध में पता चली जल्दी दोस्ती टूटने की वजह



दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है, जिसके सहारे हम अपने घर से बाहर या परिवार से दूर रह पाते हैं। किसी भी नई जगह जाने के बाद किसी से दोस्ती करना कितना सुकून भरा होता है, इसका अंदाजा आपको होगा ही। मुश्किल के दिनों में दोस्त आपके साथ ढाल बनकर खड़ा रहता है, खुशी में आपकी खुशी का हिस्सेदार बनता है और दुख में आपका कंधा बनता है। इसलिए दोस्ती अनमोल रिस्ता होता है, जिसे बहुत सहेजकर रखना पड़ता है।

क्यों टूटती है दोस्ती?

कई बार ऐसा होता है कि किसी कारण से आपकी अपने किसी दोस्त से लड़ाई हो जाए या मतभेद हो जाए, जिस वजह से कई बार दोस्ती टूटने की नौबत भी आ जाती है। दोस्त से दूर होना, चाहे वह किसी भी कारण से हो, हमेशा बहुत कष्टदायी होता है। दोस्ती टूटने का एक कारण हो सकता है कि आप अपने दोस्त से काफी अपेक्षाएं रख रहे हैं, जो जाहिर सी बात है कि आपकी दोस्ती पर बोझ बनता जा रहा है। किसी भी व्यक्ति की सारी अपेक्षाएं पूरी करना असंभव है, लेकिन अक्सर हम यह बात दोस्ती में भूल जाते हैं, जिस वजह से हम आपके दोस्त से नाराज रहना शुरू कर देते हैं या लड़ाई-झगड़े होने लगते हैं।

दोस्ती के बारे में ब्रिटेन के मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर वैन हूफ ने एक रिसर्च किया। इस शोध में उन्होंने दोस्ती टूटने पर कैसा महसूस होता है, इस बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश की। इस शोध में पाया गया कि दोस्ती टूटने का दर्द भी ब्रेकअप जितना ही होता है। इस कारण से कई बार लोग बीमार भी हो जाते हैं। कई बार दोस्ती टूटने का इतना गहरा असर होता है कि व्यक्ति की आयु भी कम हो सकती है।

दोस्ती टूटने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मतभेद, किसी तीसरे व्यक्ति का बीच में आना, किसी बात को लेकर कॉम्पिटीशन होना, आदि। इन वजहों के बारे में बात करते हुए वैन हूफ ने बताया कि दोस्ती टूटने के पीछे का एक कारण है कि अब लोग दोस्तों की नाराजगी पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। पहले लोग एक-दूसरे को मनाते थे, लेकिन अब एक व्यक्ति नाराज हो जाता है, तो दूसरे के ईगो पर भी चोट पहुंचती है और वह यह सोचता है कि मैं ही क्यों मनाऊं, वह भी तो मना सकता है। इस कारण से अक्सर दोस्तियां टूट जाती हैं, जिसका असर शारीरिक और मानसिक सेहत पर भी पड़ता है।

कैसे बचाएं दोस्ती?

इसलिए अपनी दोस्तो का ख्याल रखना जरूरी है। दोस्तों का ख्याल रखने के लिए एक-दूसरे की बातों को सुनने और समझने की कोशिश करें। अपनी अपेक्षाओं के बारे में अपने दोस्त से बात करें और उनके तर्क को भी समझने का प्रयास करें। इसके अलावा, अपने दोस्तों की नाराजगी को हल्के में न लें और खुलकर बातचीत करें।

# भ्रष्टाचार न भवति!



मोदीशाही वैसे तो आम तौर पर सभी मामलों में, जो करती है, उससे ठीक उल्टा दावा करने के महाझूठ का सहारा लेती है। जैसे किसानों की दशा सुधारने का झूठ। युवाओं को रोजगार देने का झूठ। गरीबों को गरीबी से उबारने का झूठ। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का झूठ, सबका साथ सब का विश्वास का आदि, आदि का झूठ। बहरहाल, भ्रष्टाचार के सवाल पर वह एक तरह से सबसे बड़े झूठ का सहारा लेती आई है।दस साल में पीएम मोदी पर 10 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप भी नहीं। अगर इस बयान की पृष्ठभूमि इतनी विडंबनापूर्ण नहीं होती, तो मोदी राज में निर्विवाद रूप से नंबर-दो माने जाने वाले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे को, एक मामूली चुनावी दावे के रूप में अनदेखा किया जा सकता था। आखिरकार, अमित शाह ने यह दावा भोपाल में जिस आयोजन में किया था, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के हिस्से के तौर पर आयोजित किया गया था।माना कि इस आयोजन में वह %प्रबुद्ध% लोगों को संबोधित कर रहे थे, लेकिन संबोधित तो संघ-भाजपा-प्रभावित प्रबुद्ध-जन को ही कर रहे थे और वह भी साफ तौर पर चुनाव के संदर्भ में। और चुनाव के लिए अतिरंजित दावे करना तो, राजनीतिक नेताओं के लिए एकदम सामान्य बात ही है। फिर अमित शाह तो वैसे भी किसी के भी चुनावी वादों तथा दावों को गंभीरता से लेने के खिलाफ पहले ही देश को आगाह कर चुके थे। खुद शाह ने हरेक मतदाता के खाते में पंद्रह-पंद्रह लाख रुपए डलवाने के प्रधानमंत्री मोदी के वादे को भूल जाने की सलाह देते हुए उसे महज एक जुम्ला बताया था। तब जुम्ला उछालने का, प्रधानमंत्री मोदी जितना न सही, थोड़ा-बहुत अधिकार तो अमित शाह को भी है ही। लेकिन, दस पैसे के भी भ्रष्टाचार का आरोप दस साल में न लगने का यह दावा जिस पृष्ठभूमि में किया जा रहा था, उसे देखते हुए इसे सिर्फ जुम्ला कहकर छोड़ा नहीं जा सकता है।

इस पृष्ठभूमि में दो परस्पर-संबद्ध तत्व आते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी के %न खाऊंगा, न खाने दूंगा% के मुखौटे को तार-तार कर देते हैं। इनमें से पहला, एकदम फौरी तत्व है, न्यूज़लॉन्ड्री और न्यूज़मिनट का विस्फोटक भंडाफोड़, जो इसकी कहानी बयान करता है कि किस तरह, केंद्रीय जांच एजेंसियों के छापों के सहारे, मोदी राज में कंपनियों से चंदे की वसूली की जाती रही है। याद रहे कि इससे पहले, मोदी सरकार पर अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने, इन एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों को आर्थिक रूप से पंगु करने से लेकर, उन्हें अपने पाले में शामिल होने के लिए मजबूर करने तक के आरोप तो लगते रहे थे, लेकिन चंदे की वसूली के लिए केंद्रीय एजेंसियों की दमनकारी ताकत का इस्तेमाल करने या मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के शब्दों का सहारा लें तो हफ्ता वसूली करने के आरोप बेशक, पहली बार लगे हैं।भाजपा के दुर्भाग्य से यह उसके राजनीतिक विरोधियों द्वारा आरोप लगाए जाने भर का मामला नहीं है। यह जिम्मेदार और गंभीर खोजी पत्रकारों की टीम द्वारा खुद भाजपा द्वारा चुनाव आयोग को दी गयी, चुनावी बांड इतर बड़े कंपनियों द्वारा दिए गए चंदे की जानकारियों और ऐसी कंपनियों के एक हिस्से पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों की गहरी छानबीन से सामने आए, बहुत ही परेशान करने वाले तथ्यों का मामला है। ये तथ्य बताते हैं कि पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान कम से कम 30 ऐसी कंपनियों ने भाजपा को करीब 335 करोड़ रुपए का चंदा दिया था, जिनके खिलाफ इसी दौरान केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई हुई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई की जद में आने वाली कंपनियों के सत्ताधारी पार्टी को करोड़ों रुपए के चंदे देने में, संदेह न होना ही हैरानी की बात होगी।उक्त कंपनियों में से 23 कंपनियों ने, जिन्होंने भाजपा को 187 करोड़ 58 लाख रुपए का चंदा दिया था, 2014 से लेकर अपने खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई होने तक, एक बार भी भाजपा को चंदा नहीं दिया था। यानी सारा का सारा चंदा, उक्त कार्रवाई के बाद ही दिया गया था। इनमें से 4 कंपनियां, केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के चार महीने के अंदर-अंदर भाजपा के खजाने में 9 करोड़ 5 लाख रुपए जमा करा चुकी थीं।

दूसरी ओर, 6 कंपनियां ऐसी थीं, जो केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से पहले भी भाजपा को चंदा दे तो रही थीं, लेकिन इस कार्रवाई के बाद उनके चंदे की मात्रा बढ़ गयी थी। इसी प्रकार, 6 कंपनियां ऐसी थीं, जो भाजपा को पहले से हर साल चंदा देती आ रही थीं, लेकिन एक वर्ष में उन्होंने चंदा नहीं दिया और उन पर छापा पड़ गया! दूसरी ओर इस छानबीन के दायरे में आई 32 कंपनियों में से, सिर्फ 3 कंपनियां ऐसी थीं, जिन्होंने इसी दौरान मुख्य विपक्षी पार्टी, कांग्रेस को भी चंदा दिया था। साफ है कि इन कंपनियों का मोदी की भाजपा के प्रति प्रेम, जिसके वशीभूत होकर वे सत्ताधारी पार्टी को करोड़ों रुपए का चंदा दे रही थीं, स्वतःस्फूर्त नहीं था बल्कि उसके पीछे केंद्रीय एजेंसियों के डंडे का डर था। इस दाम वसूली के लिए साम, दंड और भेद का बड़ी चतुराई से इस्तेमाल किया जा रहा था। इस सारे रहस्योद्घाटन के बाद भी दस पैसे के भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा की शेखी मारने के लिए,चमड़ी का वाकई काफी मोटा होना जरूरी होगा।पृष्ठभूमि का दूसरा तत्व, जो अमित शाह के उक्त दावे को हास्यास्पद ही बना देता है, चुनावी बांड व्यवस्था के मामले में सुप्रीम कोर्ट का हाल ही में आया ऐतिहासिक फैसला है। इस फैसले के जरिए मोदी की भाजपा द्वारा गढ़ी गयी लेन-देन की अनंत संभावनाओं के द्वारा खोलने वाली इस व्यवस्था को, सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से ही निरस्त कर दिया है। बेशक, इसी फैसले के हिस्से के तौर पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड के जरिए अब तक दिए गए पैसे के चंदादाताओं का विवरण, स्टेट बैंक द्वारा चुनाव आयोग को दिए जाने तथा चुनाव आयोग द्वारा निश्चित अवधि में जो बहुत दूर नहीं है, ये विवरण सार्वजनिक किए जाने के जो आदेश दिए हैं, उन पर अमल के रास्ते में सरकार तथा उसके कृपापात्रों द्वारा क्या-क्या रोड़े अटकाए जाते हैं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, इतना तय है कि जब भी यह विवरण सार्वजनिक होगा, इस सामग्री के विश्लेषण, न्यूज़लॉन्ड्री तथा न्यूज़मिनट की खोजी रिपोर्ट के रहस्योद्घाटनों से और बहुत आगे जाते हुए, कृपा देने और बड़ा चंदा लेने% के महा-भ्रष्टाचार के संस्थागत रूप को पूरी तरह से ही बेनकाब कर देंगे।कहने की जरूरत नहीं है कि मोदीशाही इसकी हरेक-संभव कोशिश करेगी कि कम से कम आगामी आम चुनाव तक ये विवरण सार्वजनिक न हों। उन्हें पता है कि अगर ये विवरण सार्वजनिक हो गए तो, इन जानकारियों के विस्तृत्व विश्लेषण में भले ही और समय लगे, कम से कम उसके लिए काफी असुविधाजनक हैडलाइन्स तो निकल ही आएंगी, जिन्हें मुख्यधारा के मीडिया पर अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के बावजूद, उसके लिए पूरी तरह से दबाना संभव नहीं होगा।

अब, इन दो बड़े धक्कों के बाद, मोदीशाही का ईमानदारी का मुखौटा बेशक, तार-तार हो गया है। इसके बाद भी, मोदीशाही और भी जोर-शोर से दूसरे सब को भ्रष्ट बताने और खुद को ही ईमानदार दिखाने के पाखंड में लगी हुई है। इसके पीछे उसका जो भी विश्वास है, उसका आधार हिटलर का %महाझूठ% या बड़े झूठ का सिद्धांत है। हिटलर का यह कहना था कि अगर बड़ा झूठ बोलो और बार-बार बोलो, तो लोग उस पर विश्वास करने लगेंगे। और बड़ा झूठ ही क्यों? क्योंकि छोटे-छोटे झूठ के झूठ हो सकने की बात, लोग आसानी से मान लेते हैं क्योंकि छोटे झूठ वे भी अपने जीवन में खूब बोलते हैं। पर अगर झूठ बहुत बड़ा हो, आसानी से विश्वास ही न आने वाला हो, तो लोग उसे इसीलिए सच मान लेते हैं कि इतना बड़ा झूठ कोई कैसे बोल सकता है!मोदीशाही वैसे तो आम तौर पर सभी मामलों में, जो करती है, उससे ठीक उल्टा दावा करने के महाझूठ का सहारा लेती है। जैसे किसानों की दशा सुधारने का झूठ। युवाओं को रोजगार देने का झूठ।

गरीबों को गरीबी से उबारने का झूठ। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का झूठ, सबका साथ सब का विश्वास का आदि, आदि का झूठ। बहरहाल, भ्रष्टाचार के सवाल पर वह एक तरह से सबसे बड़े झूठ का सहारा लेती आई है, जिससे सूट-बूट की सरकार होकर भी, गरीबों को भरमाती रह सके। लेकिन, झूठ का यह ताशमहल अब ज्यादा नहीं चल सकता है।करोड़पतियों के रिश्वत के पैसे के बल पर खड़ा किया गया सत्ताधारी पार्टी का सारा ताम-झाम, इन रहस्योद्घाटनों की आंधी से तिनकों की तरह उड़ जाएगा। आखिरकार, लोग यह तो पूछेंगे ही कि जो 16,5,18 करोड़ रुपए चुनावी बांड के जरिए लिए गए, जिनमें से 94.41 फीसद करोड़पति दानदाताओं द्वारा करोड़-करोड़ के बांड में दिए गए और बांडों की कुल रकम में से 57 फीसद, 2018-22 के बीच अकेली भाजपा को ही दिए गए, यह भी अगर भ्रष्टाचार नहीं है तो यह रिश्ता क्या कहलाता है?

## संपादकीय

### मीडिया के आत्ममंथन का वक्त

सुप्रीम कोर्ट के सबसे निष्पक्ष एवं बेदाग छवियों वाले न्यायाधीशों की जब भी बात चलती है तो उनमें पूर्व जस्टिस जोसेफ कूरियन का ज़िक्र हमेशा होता रहा है। उन्होंने भारत के मीडिया के बारे में जो टिप्पणी की है, उस पर स्वयं देश के मीडिया से जुड़े लोगों द्वारा विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने साफ कहा कि %मीडिया देश के लोकतंत्र, संविधान एवं सच की रक्षा करने में पूर्णतः विफल रहा है।% कैंपेन फॉर ज्युडिशियल एकाऊंटिबिलिटी एण्ड रिफॉर्म्स (सीजेएआर) की ओर से आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए जस्टिस कूरियन ने कहा कि किसी को भी तथ्यों की सच्ची व निडर जानकारी नहीं मिलती। लोकतंत्र के लिये सबसे बड़ा झटका यह है कि मीडिया ने देश को हताश किया है।उनकी निराशा निर्मूल नहीं है। जो उनकी भावना है, लगभग वैसी ही देश के उन सभी लोगों की है जो संविधान में आस्था रखते हैं और लोकतंत्र को कायम रखना चाहते हैं। उन्होंने देश के लिये आशा की अंतिम किरण उन व्हिसलब्लोअरों को बताया जो अब भी लोगों को जाग्रत करने का काम कर रहे हैं और व्यवस्था की खामियों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के साथ खड़े होने की ज़रूरत बतलाई। देश की सबसे बड़ी अदालत में न्यायदान करने वाले एक जस्टिस का अगर ऐसा सोचना है तो यह मीडिया संस्थानों और उससे जुड़े सभी लोगों के लिये यह भी सोचने का अवसर है कि आखिर उन्हें (कूरियन को) ऐसा बयान क्यों देना पड़ा है।

दरअसल जस्टिस कूरियन की यह व्यथा पिछले करीब एक दशक के घटनाक्रमों का निचोड़ है जिसे हम मौजूदा शासकों की देन भी कह सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत में ऐसी परिस्थितियां पहले भी आई हैं। सबसे बड़ा उदाहरण है 1975 में लाया गया आपातकाल। देश के उस कालखंड में भी मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उसके खिलाफ खड़ा रहा। उसने इंदिरा गांधी जैसी ताकतवर, लोकप्रिय और उस दौरान तानाशाह बन गयी इंदिरा गांधी का भी मुकाबला किया था। हालांकि खुद इंदिरा जान गयी थीं कि यह मुल्क निरंकुशता को बर्दाश्त करने वाला नहीं है।उन्होंने अंततः स्वतः ही आपातकाल हटाया लेकिन मीडिया के, जो उस दौरान प्रिंट तक ही सीमित था, किसी भी हिस्से ने उसे सराहा नहीं था। उनके निधन के चार दशकों के बाद भी दिवंगत प्रधानमंत्री को उस कलंक से छुटकारा नहीं मिल सका है। गाहे-बगाहे अब भी उस प्रसंग की याद आलोचना के स्वरों में ही होती है। यह अलग बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली से तुलना करते हुए कुछ लोग दबी जुबान में यह कहते सुनाई देते हैं कि %वर्तमान अघोषित आपातकाल से तब का घोषित आपातकाल बेहतर था जब सामान्यजनों को तो कोई तकलीफ नहीं थी। हालांकि लोकतंत्र के मानकों के अनुरूप किसी भी आपातकाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। किया भी नहीं जाना चाहिये।बहरहाल, जस्टिस कूरियन जब ऐसा कहते हैं तो दरअसल वे भारतीय मीडिया के इस दौरान के कायराना अंदाज़ और बिकाऊपन की ओर इशारा कर रहे हैं। जिस प्रकार से मीडिया का बड़ा हिस्सा मोदी, केन्द्र सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी का अंध समर्थन कर रहा है, वही सारा कुछ पूर्व न्यायाधीश के जेहन में है। दशक भर से लोग देख रहे हैं कि मीडिया ने किस प्रकार से नरेन्द्र मोदी की महामानव की छवि गढ़ने में स्वयं को झोंक दिया है। सरकार की असफलताओं का लेशमात्र भी उल्लेख न कर हर काम को उनका मास्टरस्ट्रोक% बतलाने वाले मीडिया ने अपने आप को चारण परम्परा में ढाल दिया है।नोटबन्दी से लेकर कोरोना काल और मणिपुर सम्बन्धी मसलों की पत्रकारिता को देखें तो हम पाते हैं कि अधिकांश मीडिया अपने बुनियादी उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने में असफल रहा है। इतना ही नहीं, उसे सरकार से जो सवाल करने थे, वे तो उसने किये ही नहीं, वह दिये जलाने और थाली-ताली पीटने में खुद ही शामिल हो गया। वह न प्रश्न करता है न किसी को करने देता है। यही मीडिया सवाल करने वालों को देशद्रोही बतलाता है। महिलाओं के अत्याचारों में वह पीड़िताओं के साथ नहीं वरन उत्पीड़कों के साथ था। शाहीन बाग हो या किसानों का आंदोलन, महिला पहलवानों का प्रदर्शन हो या ईवीएम हटाने के लिये चल रहा वकीलों-सिविल सोसायटियों का आंदोलन- उनमें मुख्य धारा का मीडिया सिरे से नदारद था।

# पश्चिम बंगाल में अत्याचार और भ्रष्टाचार के पुराने सभी रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं

पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के तौर-तरीकों से यही लगता है यह भारत का नहीं बल्कि किसी दूसरे मुल्क का हिस्सा है। देश का यह एक ऐसा प्रदेश बनता जा रहा है जहां संविधान के अनुसार शासन करने की जद्दोजहद जारी है। पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार की मनमर्जी ने इस प्रदेश के हालात बिगाड़ दिए हैं। पश्चिम बंगाल ऐसे प्रदेश की शक्ल इख्तियार करता जा रहा है, जहां सरकार समर्थित लोगों पर भ्रष्टाचार और गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं। घोटालों, चुनावी हिंसा और हाल ही में संदेशखाली में महिलाओं से बलात्कार के मामलों से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की नौबत आ गई है। हालांकि केंद्र की भाजपा सरकार यह गलती नहीं करेगी। ऐसी स्थिति में न सिर्फ राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है, बल्कि ममता बनर्जी को सहानुभूति का फायदा भी मिल सकता है। यही वजह है कि संदेशाखाली की घटना के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग और प्रदेश भाजपा की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग के बावजूद केंद्र सरकार ने इस कोई फैसला नहीं लिया।

घोटालों और चुनावी हिंसा के कारण बदनामी का कलंक झेलने वाली ममता सरकार अब संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं से बलात्कार के मामले में सुर्खियों में है। संदेशखाली के सरगना शाहजहां शेख के आतंक की कहानी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। तृणमूल कांग्रेस समर्थित अपराधियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भी उनके हमलों से सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में मनी लॉन्ड्रिंग में छापे के कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की टीम को हमले का शिकार बनाया गया। जब अधिकारियों ने संदेशखाली में उसके घर में घुसने की कोशिश की तो 2,000 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने लाठी, डंडे और रॉड से हमला बोल दिया। इस घटना के बाद ही शेख के काले कारनामों का खुलासा हुआ। ममता सरकार ने इस मामले को दबाने-छिपाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इस घटना की जानकारी लेने के लिए गए राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम को मौके पर नहीं जाने दिया गया। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी भी संदेशखाली कोर्ट की परमिशन से पहुंच सके।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने संदेशखाली में यौन उत्पीडन के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि शाहजहां शेख के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने संदेशखाली मामले में पूरे मामले में राज्य की सरकार से रिपोर्ट भी मांगी है। अब सरकार को हाई कोर्ट में हलफनामा देना होगा। इस हलफनामे में सरकार को बताना होगा कि संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के लिए अब तक क्या-क्या किया गया है? शाहजहां पर पहले भी गंभीर आरोप लगे थे। इसमें जबरन वसूली, हमला, बलात्कार और हत्या शामिल है। हालांकि उसे सजा नहीं हुई।



2020 में जब उस पर दो भाजपा नेताओं की हत्या का आरोप लगा तब भी वह फरार हो गया था। संदेशखाली प्रोटेस्ट के बाद उसके दो करीबियों शिबू हजारा और उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था के हालात कितने खराब हैं, इसका अंदाजा चुनावी हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल में 2021 में राज्य चुनाव के बाद हुई हिंसा मामले मे सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ये अंतरिम आदेश सीबीआई की उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें सीबीआई ने राज्य में चुनावों के बाद हुई हिंसा के मामलों की सुनवाई राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की गुहार लगाई थी। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि राज्य में गवाहों को धमकाया जा रहा है और राज्य की एजेंसियां मूकदर्शक बनी हुई हैं।पश्चिम बंगाल ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें कथित तौर पर चुनाव के बाद हिंसा के दौरान हुई हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया गया था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह आदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सात सदस्यीय समिति की एक रिपोर्ट के आधार पर दिया था। हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया था। आदेश मई 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद, हिंसा के कारण अपने घरों से भागने वाले कई लोगों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और दावा किया था कि सत्तारुढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के डर से वो अपने घर नही लौट पा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने शिक्षक भर्ती घोटाले का खुलासा किया जिसमें सरकार के 2 मंत्री संलिप्त हैं। राज्य के शिक्षा राज्यमंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। इससे पहले ममता सरकार में कोयला घोटाला, पशु तस्करी घोटाला, शारदा चिट फंड घोटाला, रोज वैली घोटाला हुआ है। ममता बनर्जी सरकार ने लगता है कि घोटालों का बंगाल माडल बना दिया है। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर 2 लाख करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया। पैसे के बाद काम होने पर एक साल के अंदर यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट देना होता है। 1.9 लाख करोड़ रुपये का ममता सरकार ने यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया है। ममता सरकार ने 2018 से 2021 तक 2.4 करोड़ का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। इसमें ग्रामीण विकास, शहरी विकास और शिक्षा मंत्रालय है। इन विभागों में ज्यादा भ्रष्टाचार है।

पश्चिम बंगाल में अपराधों के अलावा घोटालों की हालत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करीब एक दर्जन तृणमूल के नेता जेलों में बंद हैं। इनमें से ज्यादातर को जमानत तक नहीं मिल सकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता सरकार में मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को हिरासत में लिया जिनके घर से करीब 20 करोड़ रुपए मिले थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर ई.डी. की टीम पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाले के आरोपी पार्थ चटर्जी के घर पहुंची थी। जब यह कथित घोटाला हुआ था, तब चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। मौजूदा परिदृश्य से यही लगता है कि ममता बनर्जी अपनी मर्जी के हिसाब से सरकार चलाना चाहती है। एनआईए, सीबीआई और ईडी ने भ्रष्टाचार या अपराधों के मामलों में देश के दूसरे राज्यों में भी कार्रवाई की है, किन्तु जांच एजेंसियों को जिस तरह का हिंसात्मक विरोध का सामना पश्चिमी बंगाल में करना पड़ा है, वैसा देश के किसी भी दूसरे राज्य में देखने को नहीं मिला। घपले-घोटालों के एक भी मामलों से ममता सरकार मुक्त नहीं हो सकी। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी ने पश्चिमी बंगाल में मजबूत राजनीतिक पकड़ बना रखी है।

यही वजह है कि पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस राज्य में सत्ता में बनी हुई है। कांग्रेस, भाजपा और वाम दल पश्चिम बंगाल में जड़े जमाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन पूर्व के चुनावों तक ममता ने इन्हें टिकने नहीं दिया। सत्ता में लंबे समय से बने रहने का ममता बनर्जी ने शायद यह मतलब निकाल लिया है कि पश्चिम बंगाल में उनकी मर्जी ही कानून है, यही वजह है कि ममता सरकार को विभिन्न मामलों में हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक से फटकार खानी पड़ी है। ममता बनर्जी को यह समझना है कि नेताओं की लोकप्रियता का अर्थ यह कदापि नहीं हो सकता है कि देश के कानून से खिलवाड़ किया जाए। यदि लोकप्रियता और सत्ता ही पैमाना होता तो देश में लालू यादव सहित दर्जनों ऐसे नेता हैं, जिन्होंने न सिर्फ सत्ता गंवाई बल्कि जेल का मुंह भी देखा है।

# भारत को बिजली बेचकर नेपाल ने छह महीने में कमाया 15 अरब रुपये से अधिक का मुनाफा

**नेपाल।** नेपाल विद्युत प्राधिकरण ने भारत में बिजली बेचकर पिछले छह महीने में 15 अरब रुपये से अधिक का मुनाफा कमाया है। यह मुनाफा पिछले साल इसी अवधि के मुकाबले 5 अरब रुपये अधिक है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से आज सार्वजनिक किए गए आंकड़ों में बताया गया है कि पिछले वित्त वर्ष में प्राधिकरण का कुल मुनाफा 12 अरब रुपये था जबकि इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में ही मुनाफा 15 अरब रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में करीब 10 अरब रुपये का मुनाफा हुआ था। इस तरह इस बार प्राधिकरण को पहली छमाही में ही 5 अरब रुपये अधिक का मुनाफा हुआ है। प्राधिकरण का आंकड़ा सार्वजनिक करते हुए कार्यकारी निदेशक कुलमान घिसिंग ने कहा कि सरकारी और निजी कंपनियों की तरफ से भारत को बिजली बेचकर प्राधिकरण ने यह मुनाफा कमाया है। घिसिंग ने बताया कि भारत की नई ऊर्जा नीति के कारण नेपाल के अधिकांश निजी बिजली कंपनियों को रियल टाइम में बिजली बेचने की सुविधा मिली है, जिसके कारण प्राधिकरण का मुनाफा बढ़ा है। उन्होंने यह भी



कहा कि नेपाल की बिजली उत्पादक कंपनियों के लिए भारत में डे अहेड (यानी एक दिन पहले सूचित कर ) और रियल टाइम (यानी एक घंटे की सूचना पर) बिजली बेचने की सुविधा है।
प्राधिकरण द्वारा सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के मुताबिक पहली छमाही में कुल 45 अरब 49 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। इसमें भारत में ही सिर्फ 30 अरब 48 करोड़ रुपये की बिजली बेची गई है। घिसिंग के मुताबिक प्राधिकरण को इस मुनाफे से नई परियोजनाओं को शुरू करने में मदद मिलेगी।

## चीन में दुनिया की पहली क्लोन तिब्बती भेड़ का जन्म होने का दावा



**बीजिंग।** चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने दावा किया है कि देश के वैज्ञानिकों ने उत्तर पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत में दुनिया की पहली तिब्बती भेड़ का सफलतापूर्वक क्लोन तैयार किया है। इससे प्रजातियों की प्रजनन क्षमता में सुधार की उम्मीद है।
ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थवेस्ट ए ऐंड एफ यूनिवर्सिटी की शोध टीम और किंघई की राजधानी जिनिंग में पशु रोग निवारण और नियंत्रण केंद्र ने संयुक्त रूप से यह सफलता हासिल की। इसमें दैहिक कोशिका क्लोनिंग तकनीक को अपनाया गया। पिछले महीने दक्षिण-पश्चिम चीन के जिजांग स्वायत्त क्षेत्र की स्थानीय सरकार ने इस क्षेत्र में दुनिया की पहली क्लोन लुप्तप्राय जिजांग मवेशी प्रजाति की भेड़ के जन्म की घोषणा की।

## नेपाल में हवाला कारोबार के आरोप में चीनी नागरिक गिरफ्तार

**नेपाल।** नेपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हवाला कारोबार में संलिप्तता के आरोप में बुधवार को चीन के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए।
नेपाल पुलिस के मुताबिक टूरिस्ट वीजा पर नेपाल घूमने आए चीनी नागरिक झोउ जियु को हवाला कारोबार करने के आरोप में क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसपी रवीन्द्र रेग्मी ने बताया कि 28 वर्षीय झोउ जियु चीन के शंघाई शहर का रहने वाला है और वह टूरिस्ट वीजा पर यहां आकर रह रहा था। रेग्मी ने बताया कि भक्तपुर में किराए के कमरे में रह कर वह यहां से हवाला का कारोबार करता था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके कमरे पर छापा मारकर गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं।
नेपाल पुलिस के मुताबिक उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि इस समय काठमांडू और आसपास के जिलों में अवैध तरीके से रह रहे चीनी नागरिक गैर कानूनी कार्यों में संलिप्त हैं। पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र रेग्मी ने बताया कि अधिकांश चीनी नागरिक ठगी, जालसाजी, हवाला और आर्थिक अपराध में संलिप्त हैं। पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाकर ऐसे संदिग्ध चीनी नागरिक और उनके स्थानीय सहयोगियों पर निगरानी बढ़ा दी है।

## सरकार को एनपीसीआईएल से लाभांश के मिले 1065 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में लगभग 1065 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।
वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को एक्स पोस्ट में बताया कि सरकार को एनपीसीआईएल से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 1065 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।
सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनपीसीआईएल केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्यरत है। यह सितंबर 1987 में कंपनी अधिनियम 1956 के तहत सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के तौर पर पंजीकृत है।

## डिज्नी, रिलायंस ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय का किया ऐलान




**नई दिल्ली।** द वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय का ऐलान किया है। डिज्नी और रिलायंस इस संबंध में एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंजों को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय के लिए वॉल्ट डिज्नी कंपनी के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। रिलायंस के मुताबिक समझौते के तहत दोनों कंपनियों के विलय से बनी इकाई में वह 11,500 करोड़ रुपये निवेश करेगी। लेन-देन में सहक्रियाओं को छोड़कर पोस्ट-मनी आधार पर इस संयुक्त उद्यम का मूल्य 70,352 करोड़ रुपये होगा। रिलायंस और डिज्नी मीडिया के विलय से बने संयुक्त उद्यम की कुल वैल्यू 10,352 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कंपनी में रिलायंस की 63.16 फीसदी हिस्सेदारी होगी। वहीं डिज्नी को 36.84 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। दोनों कंपनियों के मीडिया ऑपरेशन से बने संयुक्त उद्यम की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वहीं, उदय शंकर इस कंपनी के वाइस चेयरपर्सन होंगे।
उल्लेखनीय है कि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी राजस्व के मामले में विश्व का सबसे बड़ा मीडिया और मनोरंजन समूह है। वहीं, देश के सबसे अमीर अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मीडिया कारोबार वायकॉम-18 और अन्य समूह का संचालन करती है।

## आयकर की फेसलेस कर मूल्यांकन सुविधा से शिकायत निवारण में आई तेजी: सीतारमण



**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आयकर विभाग की फेसलेस कर मूल्यांकन सुविधा के परिणामस्वरूप करदाताओं की शिकायतों का तेजी से निवारण हो रहा है। यह व्यापार करने में आसानी की दिशा में एक बड़ा कदम है।
सीतारमण ने बेंगलुरु में आज केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) आवासीय क्वार्टर भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली इसलिए लाई गई, ताकि किसी अधिकारी के विवेक का प्रभाव करदाताओं पर न पड़े। इससे करदाताओं को बड़ी राहत मिली है और शिकायतों का निवारण तेजी से हुआ है।
यह व्यापार करने में आसानी और करदाताओं की सुविधा के लिए एक बहुत बड़ा कदम है।वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र ने बेंगलुरु के विकास पर काफी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु अब कई अलग-अलग अग्रणी उद्योगों का पर्याय बन गया है, चाहे वह आईटी हो या वैश्विक क्षमता केंद्र या स्टार्टअप। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए और कर निर्धारिती को परेशान न करने के लिए फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली लाई गई है। यह मूल्यांकन प्रणाली अच्छी तरह से व्यवस्थित है, इससे करदाताओं को बड़ी राहत मिल रही है। इससे शिकायतों का निवारण तेज हो गया है। कर्नाटक से पैसा जाता नहीं, वापस भी आता है।इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेंगलुरु के संजय नगर में आयकर विभाग के आवासीय क्वार्टर "होंगिराना" का शिलान्यास किया।

## इमरान के आह्वान पर पीटीआई दो मार्च को खोलेगी मोर्चा, चुनाव नतीजों में धांधली के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन की तैयारी

**इस्लामाबाद।** मुल्क की आदियाला जेल में लंबे समय से बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी "पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ" (पीटीआई) ने हाल ही में हुए चुनाव के नतीजों में धांधली का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतरने का फैसला किया है। पीटीआई ने जनादेश पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए पार्टी प्रमुख इमरान खान के आह्वान पर दो मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। प्रमुख समाचार पत्र डॉन के अनुसार, यह घोषणा पीटीआई नेता शेर अफजल मारवात ने राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे। मारवात ने सभी लोकतांत्रिक ताकतों से सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बलूचिस्तान के पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों को दबाव में हारा हुआ घोषित कर दिया गया। पीटीआई उम्मीदवारों की जीत को रातों-रात हार में बदल दिया गया। पीटीआई नेता मारवत ने कहा कि पीटीआई संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर दो मार्च को देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस्लामाबाद में प्रदर्शन की अगुवाई वह करेंगे।



उन्होंने कहा गया कि "मेगा पोल चोरी" के खिलाफ आवाज नहीं उठाई गई तो पाकिस्तान में लोकतंत्र कभी नहीं पनप पाएगा। संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई के दूसरे नेता अली मोहम्मद खान ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में "बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया।" पीटीआई किसी भी राजनीतिक दल या संस्था के खिलाफ नहीं है। इमरान खान चाहते हैं कि जनता के जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए। खान ने कहा, ह्ययह कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है।
यह जनादेश का मामला है। अगर पाकिस्तान में लोकतंत्र को बचाना है तो सबको साथ आना होगा।" इस संवाददाता सम्मेलन में पीटीआई नेता सालार खान काकर ने आरोप लगाया कि बलूचिस्तान में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर धांधली के जरिए सीटें "ठेकेदारों, तस्करों और अराजनीतिक हस्तियों" को बेची गईं। कक्कड़ के अनुसार, उन्होंने फॉर्म-45 के अनुसार स्पष्ट जीत हासिल की थी, लेकिन एक पीएमएल-एन उम्मीदवार जो आठवें स्थान पर था, उसे "धोखाधड़ी से" विजयी घोषित कर दिया गया।

## नेपाल में आर्थिक अनियमितता के मामले में दो बैंक के सीईओ सहित 10 गिरफ्तार

नेपाल। नेपाल पुलिस की केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने करोड़ों रुपये की आर्थिक अनियमितता के आरोप में दो बैंकों के सीईओ समेत 10 कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
सहकारी बैंक घोटाले की जांच में जुटी सीआईबी को एक सहकारी कंपनी के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की जांच के दौरान पता चला कि दोनों बैंक ने आय स्रोत और डिपॉजिट से अधिक लोन मुहैया कराया है। उसकी जांच होने पर उसमे बैंक के क्रेडिट विभाग के कर्मचारी, बैंक मैनेजर से लेकर बैंक के सीईओ तक की संलिप्तता पाई गई।
सीआईबी की प्रमुख एवं नेपाल पुलिस की एआईजी किरण बज्राचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रभु बैंक के सीईओ मनोज न्यौपाने, सेंचुरी बैंक के सीईओ तुलसीराम गौतम सहित 10 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि देउराली सहकारी घोटाला मामले की जांच के बाद पिछले महीने गिरफ्तार इस बैंक के संचालक रवीन्द्र चौलागाइ के बयान और उनके पास से बरामद दस्तावेजों के आधार पर कर्मचारी और सीईओ को गिरफ्तार किया गया है।बज्राचार्य के मुताबिक नेपाल राष्ट्र बैंक ने लोन देने के लिए जो गाइडलाइन जारी किया है उसके मुताबिक किसी भी व्यक्ति या कंपनी को उसके द्वारा बैंक में रखे गए आय स्रोत और संपत्ति का सिर्फ 40 प्रतिशत ही लोन दिया जा सकता है, लेकिन सेंचुरी बैंक और प्रभु बैंक ने देउराली सहकारी बैंक के संचालक रवीन्द्र चौलागाई को उनके द्वारा बैंक में दिखाए गए 1.14 अरब की संपत्ति के बदले 2.11 अरब रुपये का लोन दिया है। बैंक से लोन लेने के बाद फरार चल रहे चौलागई को सीआईबी ने कड़ी मशक्कत के बाद विदेश से गिरफ्तार किया था और नेपाल नेकर आई थी। सीआईबी प्रमुख का कहना है कि इस तरह के कई अन्य सहकारी घोटाले की जांच चल रही है जिसमे कुछ और बैंकों के अधिकारियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## रूसी सेना में शामिल हुए नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कर रहे प्रयास: एनपी साउद

नेपाल। अवैध रूप से रूसी सेना में शामिल हुए एक हजार से अधिक नेपाली नागरिकों के परिवार वालों ने अपने लोगों की सुरक्षित वापसी की मांग को लेकर विदेश मंत्री एनपी साउद से मुलाकात की। इस दौरान नेपाल के विदेश मंत्री साउद ने कहा कि नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार की तरफ से कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय में हुई इस मुलाकात में इन लोगों ने बताया कि कई ऐसे लोग हैं जो कि एक या दो महीने से अपने घर से कोई संपर्क तक नहीं किया है। ऐसे ही कुछ परिवार वालों ने विदेश मंत्री को यह भी बताया कि उनके रिश्तेदार इस समय यूक्रेनी सेना के कब्जे में हैं या यूक्रेन के किसी जेल में बंद हैं। उन लोगों ने इन सबकी वापसी के लिए सरकार की तरफ से कोई खास प्रयास नहीं किए जाने को लेकर आपत्ति भी जताई है। विदेश मंत्री साउद ने कहा कि रूस और यूक्रेन स्थित नेपाली दूतावास लगातार वहां की सरकारों और सेना के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई उनकी दिल्ली यात्रा के दौरान यूक्रेन के विदेश मंत्री से मुलाकात हुई थी। इस दौरान उन्होंने इस मुद्दे को उठाया था।विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल से भारत और ब्रिटेन के अलावा किसी भी अन्य देश की सेना में शामिल होने पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। बावजूद इसके हमारे युवा रूसी सेना में शामिल हो गए हैं। उन्होंने इसको गैर कानूनी बताते हुए कहा कि गैर कानूनी होने के बावजूद यह नेपाल सरकार की जिम्मेदारी है कि हमारे नागरिक अगर किसी मुसीबत में हैं तो उनकी सुरक्षित घर वापसी कराई जाए। सरकार विभिन्न माध्यमों से रूस और यूक्रेन पर दबाब बनाकर अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयासरत है।

# नेपाल : सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार, राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष चुनाव से लेकर उपचुनाव तक में विवाद

**नेपाल।** सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस और माओवादी के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष के चुनाव में दोनों दलों ने अपना अपना अलग उम्मीदवार खड़ा करने के निर्णय के बाद अगले महीने होने वाले संसदीय उपचुनाव में भी अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय किया है।
माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष तथा प्रवक्ता अग्नि सापकोटा ने कहा है कि 12 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष के निर्वाचन में माओवादी ने अपना उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय करने की जानकारी दी है। सापकोटा ने बताया कि आने वाले इलाम संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में भी पार्टी अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाली कांग्रेस ने गठबंधन में रहते हुए जब अलग ही चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है तब माओवादी के पास कोई विकल्प ही नहीं बचा है।
माओवादी के इस फैसले पर कांग्रेस ने आश्चर्य व्यक्त किया है। कांग्रेस पार्टी के महामंत्री विश्वप्रकाश शर्मा ने कहा है कि गठबंधन की बैठक में जब पहले इस बात का फैसला कर लिया गया है कि राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी को दिया जाएगा तो अब आकर माओवादी पार्टी के तरफ से अपना उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है।
उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष पद देने की सहमति के बाद ही पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्ण प्रसाद सिटौला को चुनाव मैदान में उतारा गया था। शर्मा ने बताया कि कांग्रेस के अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला अगले आमचुनाव के समय का है। इस समय कांग्रेस गठबंधन को निरंतरता देने के पक्ष में ही है।
गठबंधन के भीतर आपसी विवाद के सतह पर आने के बाद प्रमुख विपक्षी दल ने इस पर व्यंग्य किया है। विपक्षी दल के नेता केपी शर्मा ओली ने कहा है कि वर्तमान सत्ता गठबंधन पानी के बुलबुले की तरह है, जो अपने आप ही फूट जाएगा। ओली ने कहा कि राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष चुनाव को लेकर पार्टी कोई भी फैसला उम्मीदवारी होने के बाद ही करेगी।

# सरपंच पर हत्या के प्रयास में फरार 30 हजार रुपये के इनामी फरार दो आरोपियो को घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा गंभीर अपराधों मे फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एवं गंभीर अपराधों मे तुरंत कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये हैं । जिले मे शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने हेतु एवं घटना की सूचनाओं पर तुरंत कार्यवाही करने हेतु लगातार दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे पुलिस थाना कोतवाली द्वारा हत्या के प्रयास के अपराध मे 30 हजार इनामी फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।दिनांक 17.02.24 के रात्रि करीवन 11.00 बजे शहर के चन्द्रा कालोनी के निवासी संजय रावत के घर के बाहर अपनी गाडी से आकर जान से मारने की नियत से आरोपीगण प्रभात रावत, प्रमोद रावत, प्रगट रावत निवासीगण सिंहनिवास के द्वारा पिस्टल से फायर कर हत्या का प्रयास करने का अपराध घटित किया गया था, जिसपर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 122/24 धारा 307,294,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपीगण पूर्व में अपराध घटित कर चुके थे, मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा आरोपीगणों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु तीनों आरोपीगण पर नगद इनाम घोषित किया था, जिस पर से तत्परता दिखाते हुये पुलिस अधीक्षक के आदेश के पालन में घटना के प्रमुख आरोपी प्रभात रावत पुत्र करन सिंह रावत उम्र 30 साल निवासी सिंहनिवास को सिंहनिवास को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था एवं फरार चल रहे दो आरोपी प्रमोद रावत एवं प्रकट रावत पर पुलिस महानिरीक्षक महोदय ग्वालियर रेन्ज ग्वालियर व्दारा संयुक्त रुप से 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है, जिस पर से तत्परता दिखाते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में कोतवाली टीआई विनय यादव व्दारा टीम घटित की गयी एवं आरोपीगणों की गिर0 हेतु हर संभव स्थानों पर दबिस दी गई जो आज दिनांक 01.03.24 को मुखविर की सूचना पर से रातोर तिराहा फोर लेन बायपास पर से प्रकट रावत, प्रमोद रावत के घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्कार्पियो गाडी से कही जाने की फिराक में खडे होने की सूचना मिलने पर तत्काल टीम रवाना कर मौके से मय स्कार्पियो गाडी के साथ गिरफ्तार किया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव उनि आदित्य प्रताप सिंह उनि सुमित शर्मा सउनि महेन्द्र कुशवाह सउनि आविद खांन, प्रआर राजवीर सिंह आर भूपेन्द्र यादव,आर शिवांशु यादव, आर. देवेन्द्र रावत, आर. अजय यादव, आर महेन्द्र तोमर] आर. अजीत राजावत आर टिंकू सिंह आर0 कुलदीप, आर सलमान खान विशेष भूमिका रही ।

शिवपुरी पुलिस द्वारा नाबालिक बालिकाओं की दस्तयावी कार्यवाही

# पुलिस थाना रन्नौद द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत अपहृता नाबालिक को किया दस्तयाब

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंशसिंह भदौरिया जी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले, एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार यादव जी के मार्गदर्शन में बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु आपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है ।दिनांक 19/02/24 को पुलिस थाना रन्नौद पर फरियादी परमाल पुत्र शंकर आदिवासी उम्र 40 साल नि. ढेकुआ ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना रन्नौद पर अपराध क्रं. 35/24 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । अपराध को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी रन्नौद द्वारा नाबालिक बालिका की दस्तयावी हेतु भरसक प्रयास किये गये, संभावित जगहों पर पुलिस टीम को भेज कर नाबालिक बालिका से संबंध मे पूछताछ की गयी जिसमे नाबालिक के झांसी मे होने का पता चला । उक्त जानकारी के आधार पर एवं वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर झांसी भेजा गया, पुलिस टीम द्वारा झांसी पहुंचकर अपहता को दस्तयाब किया है ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रन्नौद अरविन्द सिंह चौहान सउनि संदीप कूजूर आर. 846 महेश पटेलिया आर. 930 मंजीत मलिक की सराहनीय भूमिका रही है।

# राज्य स्तरीय लोकोत्सव में 25 जिलो के 300 से अधिक कलाकार करेंगे लोकनृत्य पहली बार हो रहे इतने बड़े आयोजन की तैयारी को लेकर विधायक ने ली बैठक

## बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहित उपकरण और प्रमाण पत्र का मिलेगा लाभ

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर जनपद पंचायत पिछोर के सभागार में शुक्रवार क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने दो एवं तीन मार्च को होने वाले स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय लोकोत्सव कार्यक्रम को लेकर पिछोर खनियाधाना के विभाग प्रमुखों की एक बैठक ली गई जिसमें कार्यक्रम के प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बृजेंद्र सिंह यादव प्रभारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मौजूद रहे विधायक समेत यादव ने कार्यक्रम के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पिछोर में विधायक प्रीतम सिंह लोधी के प्रयासों से छत्रसाल स्टेडियम मे दो दिवसीय राज्य स्तरीय लोकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम 2 मार्च को शाम 5 से प्रारंभ होगा जो देर शाम तक चलेगा वही कार्यक्रम का समापन 3 मार्च को दोपहर 11 से शाम तक चलेगा कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के रूप में नारायण सिंह कुशवाहा मंत्री सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मध्य प्रदेश शासन होंगे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछोर विधायक प्रीतम




सिंह लोधी करेंगे कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नेहा यादव जिला पंचायत अध्यक्षा शिवपुरी उपस्थित होगी इस लोकोत्सव कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 25 से अधिक जिलों के कई बड़े 300 से अधिक कलाकार अपनी विभिन्न लोक शैलियों पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे विभिन्न राज्यों से आई हुई एक-एक टीम में 15 से अधिक कलाकार अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे कलाकारों द्वारा विभिन्न लोक शैली पर आधारित राई नृत्य, लांगुरिया नृत्य, बधाई नृत्य, बिरहा नृत्य, भगोरिया नृत्य, मांच नृत्य, काठीं नैत्य, गणगोर नृत्य, भवई नृत्य एवं फाग, बैगा, भीली आदि लोकगायन की रोचक प्रस्तुतियां भी दी जावेगी कार्यक्रम और कलाकारों की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत निर्देश देते हुए यादव ने कहा कि पिछोर ही नहीं बल्कि जिले में पहली बार इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो राज्य स्तरीय होकर देखने लायक होगा विधायक जी ने कहा की सभी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रत्येक विभाग का स्टाल लगना चाहिए जिसमें शासन की योजना से संबंधित जानकारी और हितग्राहियों को लाभ देने हेतु कार्य किया जाना चाहिए खनियाधाना पिछोर की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों के माध्यम से पर्याप्त प्रचार प्रसार किया जाए वहीं प्रत्येक गांव में घर-घर में मालूम कर जहां भी दिव्यांगजन है दिव्यांग जनों को खोज कर लाभांवित करने हेतु कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए एक भी दिव्यांगजन छूटना नहीं चाहिए वही इस संबंध में व्यवस्थाएं सौंपते हुए भोजन की व्यवस्था खाद्य विभाग को पानी की व्यवस्था पीएचई को स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं डॉक्टरों को तथा मंच और टेंट अतिथियों के सत्कार रुकने आदि की व्यवस्थाएं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई डिप्टी कलेक्टर यादव ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों के अलावा क्षेत्रीय जनता जनप्रतिनिधि मंत्री विधायक कमिश्नर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक के अलावा जिले एवं तहसील स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहेंगे

# चन्द्रा कालोनी के निवास संजय रावत के 11 बजे के रात्रि करीवन 17 तारिक को घर के बाहर अपनी गाडी से आकर जान से मारने की नियत




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी, से आरोपीगण प्रभात रावत प्रमोद रावत प्रगट रावत निवासीगण सिंहनिवास के द्वारा पिस्टल से फायर कर हत्या का प्रयास करने का अपराध घटित किया गया था जिसपर से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 122/24 धारा 307,294,34 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था जो मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपीगण पूर्व में अपरा आरोपीगणों की घटित कर चुके थे पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल गिरफ्तारी हेतु तीनों आरोपीगण पर दसदस हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया. था जिसमें से पूर्व में एक आरोपी प्रभात रावत गिरफ्तार हो चुका है शेष बचे दो आरोपी प्रमोद रावत एवं प्रकट रावत पर पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर रेन्ज ग्वालियर व्दारा संयुक्त रुप से 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है जिस पर से तत्परता दिखाते हुये पुलिस अधीक्षक के आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में कोतवाली टीआई विनय यादव व्दारा टीम घटित की गयी एवं आरोपीगणों की गिर0 हेतु हर संभव स्थानों पर दबिस दी गई जो आज दिनांक 01.03.24 को मुखबिर की सूचना पर से रातोर तिराहा फोर लेन बायपास पर से प्रकट रावत, प्रमोद रावत के घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्कार्पियो गाडी से कही जाने की फिराक में खड़े होने की सूचना मिलने पर तत्काल टीम रवाना कर मौके से मय स्कार्पियो गाडी के गिरफ्तार किया गया व काले रंग की स्कार्पियो गाडी बरामद कर जप्त की गई।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव उनि आदित्य प्रताप सिंह, उनि सुमित शर्मा, सउनि महेन्द्र कुशवाह, सउनि आविद खांन, प्रआर राजवीर सिंह, आर भूपेन्द्र यादव, आर शिवांशु यादव, आर. देवेन्द्र रावत, आर, अजय यादव, आर महेन्द्र तोमर, आर, अजीत राजावत, आर टिंकू सिंह, आर0 कुलदीप, आर सलमान खांन विशेष भूमिका रही

# वन विभाग के अधिकारियों की मेहरबानी से दिनदहाड़े दिनारा क्षेत्र में हो रही कई अवैध आरा मशीने संचालित



**पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार करेरा 9399215234**

आरा मशीन संचालक कर रहे हैं प्रकृति से खिलवाड़ दिनदहाड़े काटे जा रहे हैं महुआ आम जैसे फलदार उपयोगी वृक्षमध्य प्रदेश सरकार प्रतिवर्ष हजारों पौधों का रोपण करती है जिससे प्रदेश में स्वच्छ वातावरण बना रहे और प्रकृति संरक्षण को लेकर तमाम प्रकार के प्रयास प्रदेश सरकार कर रही है लेकिन इस



प्रदेश सरकार के प्रयास को आरा मशीन संचालक ताक पर रखकर अधिकारियों से मिलकर अंधाधुंध हरे भरे वृक्षों की कटाई कर अवैध आरा मशीन संचालित मोटा मुनाफा कमा रहे हैं ऐसा मामला करेरा अनु विभाग के अंतर्गत के अंतर्गत दिनारा क्षेत्र में इन दिनों देखने को मिल रहा है इस क्षेत्र में लगभग 8-10 अवैध आरा मशी विना किसी लाइसेंस के संचालित हो रही है वह भी वन विभाग के अधिकारियों से साथ साट गांठ कर और यह आरा मशीन संचालक दिनदहाड़े प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और नष्ट करने पर तुले हैं ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने के बजाय उनका संरक्षण देने पर



# तीन दिवसीय कृषि मेला आयोजन 1 से 3 मार्च को भोपाल में अत्याधुनिक कृषि मशीनों का प्रदर्शन होगा कृषि मंत्री कंषाना करेंगे उद्घाटन

शिवपुरी।भोपाल के बिट्टन मार्केट स्थित दशहरा मैदान पर 1 मार्च से प्रारम्भ होने जा रहे कृषि, उद्यानिकी, डेयरी और कृषि अभियांत्रिकी मेले में फसलों की बोवाई से लेकर कटाई, गहाई और भंडारण के लिए उपयोगी सैकड़ों अत्याधुनिक कृषि उपकरण देखने को मिलेंगे। मेले का उद्घाटन कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना मध्यान्ह 12 बजे करेंगे। राज्य तथा केन्द्रीय किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सहयोग से आयोजित होने जा रहे इस मेले में शहरी दर्शकों के लिए बागवानी से जुड़ी सामग्री, मिलेट्स के व्यंजन, महिला उद्यमियों के द्वारा उत्पादित साज सज्जा की सामग्री तथा खाद्य पदार्थ के साथ ड्रोन के साथ भीमकाय यंत्रों को निकट से देखने का अवसर भी होगा। कृषि एवं उद्यानिकी के विशेषज्ञों द्वारा किसानों को मार्गदर्शन देने तथा उनकी कृषि संबंधी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए संगोष्ठी का आयोजन भी तीनों मेला दिवस पर किया जाएगा।आयोजन समिति की ओर से भारत बालियान, संयोजक भारती मीडिया ने मेले को बहुउद्देशीय बताते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि यंत्रीकरण को प्रोत्साहित कर खेती को लाभकारी बनाना आयोजन का मुख्य लक्ष्य है। मेले में विभिन्न राज्यों से आ रहीं प्रतिष्ठित कंपनियों के लगभग 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रवेश पूर्णतः निशुल्क है। दर्शकों के मनोरंजन के लिए लोक नृत्य एवं कठपुतली नृत्य, मैजिक शो आदि आयोजन भी किये जाएंगे।



# सांस्कृतिक स्वाभिमान और आर्थिक आत्मनिर्भरता से समृद्धता की पहल- डॉ. मोहन यादव

मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की नगरी उज्जयिनी अब आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक इतिहास रचने जा रही है। यहां आज से शुरू होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे और प्रदेश औद्योगिक, तकनीकी तथा आर्थिक विकास की दिशा में नई करवट लेगा।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दिन-प्रतिदिन विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत अब न केवल अपनी आवश्यकता की पूर्ति अपने संसाधनों और उत्पादों से कर रहा है बल्कि रक्षा और वैज्ञानिक तकनीक के उत्पादनों में भी निर्यातक देश बन गया है। यह सब संभव हुआ है प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन और परिकल्पना के प्रति समाज के विश्वास और सहयोग के कारण। समाज के सभी वर्गों ने श्री मोदी जी की विकास की गारंटी पर विश्वास किया है। इसका स्वरूप अब पूरी दुनियां के सामने है।आज से मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास का एक नया अध्याय प्रारंभ होने जा रहा है। उज्जैन में पहली बार ÷मध्यप्रदेश द फ्यूचर रेडी स्टेट थीम पर आधारित ÷रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव-2024÷ आरंभ हो रही है।

# बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिला कारीगरों को विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बना रहा ईडीआईआई

**पुष्पांजलि टुडे सतीश परिहार करेरा**

शिवपुरी। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई)बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट% बनाने के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिलाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं को उनके कौशल को बढ़ाने और क्लस्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन और ज्ञान से लैस करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), गांधीनगर के साथ साझेदारी की है।

बदरवास जैकेट क्लस्टर, जैकेट तैयार करने और संबंधित गतिविधियों में लगे लोगों के एक मजबूत सेंटर के रूप में उभरा है। पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों के विपरीत यह जैकेट क्लस्टर महिला कार्यबल के धैर्य और समर्पण से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है। क्लस्टर की क्षमताओं को और बढ़ाने और जैकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने की अनिवार्य आवश्यकता को पहचानते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना के तहत एक प्रोड्यूसर कंपनी को बढ़ावा दिया है, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन बदरवास की महिला कारीगरों के हाथों में है। इस प्रकार उन्हें खुद की एक कंपनी का शेयरधारक बनने का अवसर हासिल हो रहा है।

ईडीआईआई मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से इस क्लस्टर डवलपमेंट प्रोजेक्ट को कार्यान्वित कर रहा है।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला के शब्दों में, ÷ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल कौशल प्रशिक्षण से भी आगे का नजरिया लेकर चल रही है। यह महिलाओं के स्वामित्व और प्रबंधन वाली एक प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाती है। इस महत्वपूर्ण कदम से वह केवल नौकरीपेशा नहीं रह जातीं बल्कि अपनी कंपनी की एक उद्यमी और शेयरधारक कहलाती हैं, जिससे आत्मनिर्भरता और आर्थिक आजादी को बढ़ावा मिलता है।÷

13 से 18 फरवरी, 2024 तक बदरवास क्लस्टर की 19 महिला कारीगरों के लिए ईडीआईआई परिसर में गुणवत्ता की परख, बिक्री कौशल और विजुअल मर्चेंडाइजिंग पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसने महिलाओं को अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। कोर्स में कपड़ा निर्माण की पेचीदगियां, बिक्री– मार्केटिंग की रणनीतियां और ब्रांड निर्माण के पहलुओं को शामिल किया गया। इसके बाद, ईडीआईआई परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल उद्यमिता की बुनियादी बातों, प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा, %निफ्ट की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य इन महिला को सही कौशल के साथ सशक्त बनाना बदरवास जैकेट क्लस्टर की पूरी क्षमता को उजागर करने की कुंजी



निफ्ट परिसर में चार दिवसीय व्यावहारिक सत्रों के दौरान प्रतिभागियों को कपड़े की जांच, गुणवत्ता मापदंडों और पैकेजिंग तकनीकों पर मजबूत प्रशिक्षण दिया लागत और मूल्य तय करने की रणनीतियों, बिक्री तकनीकों, संसाधन जुटाने और अनुपालन प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करेगा। ईडीआईआई में फैकल्टी और कारीगरों के कौशल को बढ़ाना और आगे चलकर उन्हें सफल उद्यमी के रूप में तैयार करने के लिए आवश्यक साधनों और ज्ञान से लैस करना है। हमारा मानना है कि महिला कारीगरों है। शिवपुरी के केंद्र में स्थित बदरवास जैकेट क्लस्टर स्थायी आजीविका हासिल करने के लिए स्थानीय महिलाओं के संकल्प और जुनून का प्रमाण है।

# सांसद चौधरी के अथक प्रयासों से बहु प्रतीक्षित चार एक्सप्रेस यात्री ट्रेनों का ठहराव लंबे समय से थी लोगों की मांग, पूरी होते ही छाई हर्ष की लहर

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पाली/जोधपुर। तिंवरी, औसियां, पीपाड़ रोड और सोजत क्षेत्रवासियों को चार एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात मिल गई है। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी के अथक प्रयासों से बहुप्रतीक्षित साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस, जैसलमेर-साबरमती एक्सप्रेस, दिल्ली-जैसलमेर रूणिचा एक्सप्रेस और जोधपुर-दिल्ली एक्सप्रेस यात्री ट्रेनों के ठहराव को रेल मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है। इन लंबी दूरी ट्रेनों का ठहराव क्रमशः सोजत, तिंवरी, औसियां और पीपाड़ रोड स्टेशनों पर होगा। ठहरावों के स्वीकृत की सूचना मिलने पर इन क्षेत्रों की जनता में खुशी की लहर है और सांसद के प्रति अपना



आभार प्रकट कर रहे हैं। सांसद चौधरी ने बताया कि इन ट्रेनों के ठहराव की मांग लंबे समय से क्षेत्रवासी कर रहे थे। इस संबंध में वे लगातार रूप से केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह करते रहे। सांसद को लंबे समय के इन ठहरावों की स्वीकृत होने पर बेहद खुशी है। उन्होनें बताया कि विशेष रूप से तिंवरी और पीपाड़ क्षेत्र की आम जनता बेसब्री से इन ठहरावों की राह देख रही थी। ऐसे में जल्द होने वाले ठहरावों से अब तिंवरी और औसियां क्षेत्र में उनके आस-पास 30 गांवों के ग्रामीणों को बड़ी ही राहत मिलेगी। सोजत क्षेत्र अपने मेंहदी के लिए विश्वविख्यात है तो वहीं तिंवरी, औसियां व पीपाड़ क्षेत्र कृषि उत्पादों जैसे मिर्च, लहसून, गाजर आदि के लिए विख्यात है। ऐसे में लंबी दूरी ट्रेनों के ठहराव स्वीकृत होने से प्रतिदिन यात्रा करने वाले किसानों और व्यापारियों को बहुत फायदा मिलेगा। इन क्षेत्र से जुड़े छात्रों व कामगारों को सस्ता व सुलभ आवागमन का साधन की सुविधा से भी बड़ा लाभ मिलेगा। सांसद चौधरी ने बताया कि इन ट्रेनों को हरी झण्डी दिखाने का कार्यक्रम जल्द ही निर्धारित किया जाएगा। वे स्वयं भी इन मौके पर उपस्थित रहने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने इन ठहरावों की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री मोदी और रेलमंत्री वैष्णव के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# न्याय सर्व सुलभ हो ,न्यायमूर्ति

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**



गोहद ,अभिभाषकों में सादगी व शांति प्रथम बार देखने को मिली में भी अभिभाषक रहा हू लेकिन गोहद का अभिभाषक संघ सादगी की मूर्ति है वर्तमान समय मे एक उम्मीद ज्यूडिशियल पर कायम है इस उम्मीद को हमे कायम रखना है इसका दायित्व हमारा है न्याय सर्व सुलभ हो ऐसा हमारा प्रयास है साथ ही न्याय सबको मिले ऐसी आशा करता हु उक्त विचार अभिभाषक संघ गोहद के शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर श्री मिलिंद रमेश फड़के ने मुख्य अतिथि की आसन्दी से चक्रधारी उत्सव भवन में व्यक्त किये शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश जिला भिण्ड माननीय राजीव कुमार अयाची ,विशेष अतिथि प्रेम सिह भदौरिया अध्यक्ष राज्य अधिवक्ता परिषद श्री राजेश शुक्ला अतिरिक्त उप महाधिवक्ता श्री जयप्रकाश मिश्रा सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद जितेंद शर्मा अध्यक्ष कार्यकारणी समिति ने की मंच संचालन एडवोकेट रवि मुदगल ने किया चक्रधारी उत्सव भवन में आयोजित अभिभाषक संघ गोहद के शपथ



ग्रहण समारोह का शुभारंभ मा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया यहाँ प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव कुमार अयाची ने स्वयं के चुनाव का स्मरण सुनाते हुए अभिभाषकों ने कहा कि हमे सदैव सीखने यानि ग्रहण करने की भावना रखना चाहिए इस अवसर पर प्रेम सिह भदौरिया ने कहा कि समय की बेड़िया खोलकर हम बेहतर न्याय की उम्मीद कर सकते है यहाँ जयप्रकाश मिश्रा ने कहा कि पक्षकार को निशुल्क न्याय मिले ऐसा भी प्रयास हमे और आपको करना है यहाँ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि हमारे कंधों पर जिम्मेदारी का दायित्व है हमे सामंजस्य के साथ समन्वय स्थापित करना है इस अवसर पर राजेश शुक्ला ने कहा कि पक्षकार की विश्वनीयता का भार बार व वेंच के कंधों पर रहता है नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्र जादोन्र ने कहा कि बार व बेच में आपसी समन्वय स्थापित कर बेहतर न्याय व्यवस्था प्रदान करेंगे न्शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र वितरित किये इन्होंने ली शपथ,,, गोहद अभिभाषक संघ के 17जनवरी को सम्पन्न हुए चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह जादोन,उपाध्यक्ष विनय मुदगल ,सचिव प्रवीण गुप्ता ,संजय राठौर ,महबूब खा, गुरमीत कोर ने शपथ ग्रहण की

**इनका हुआ सम्मान,,,** गोहद अभिभाषक संघ चुनाव में निर्वाचन अधिकारी विजय श्रीवास्तव, सहायक निर्वाचन अधिकारी रमेश दोड़ेरिया ,अशोक पचौरी ,राघवेंद्र पवैया एव राहुल परिहार का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया

# एणडोरी थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता 22 लाख 80 हजार रुपये के अवैध गांजे के साथ तीन तस्कर वाहन सहित गिरफ्तार







**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ0 असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थो धरपकड हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियो को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी गोहद दीपक तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एण्डोरी उपनिरीक्षक परशुराम अहिरवार को दिनांक 29.02.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि थाना क्षेत्रान्तर्गत बाराहेट से भोनपुरा रोड पर एक सफेद रंग की स्पिट डिजायर कार खडी है जिसमें गाँजा भरा हुआ है तथा तीन सर्दिग्ध व्यक्ति बैठे है। उक्त सूचना के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। प्राप्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी एण्डोरी द्वारा स्थान बाराहेट भोनपुरा रोड आसन नदी के पुल से पहले पहुंचे तो एक सफेद रंग की कार दिखी पुलिस टीम द्वारा उक्त कार की घेराबन्दी की गई तो पुलिस टीम को देखकर कार में बैठ सदिग्ध व्यक्ति भागने लगे तो पुलिस टीम द्वारा तीनो लोगों का पीछा कर पकड लिया गया तथा कार कं0 ॥क्र-5स्क्8681 की तलाशी लेने पर उक्त कार में से 14 पेकिट मिलें जिसे खोलकर देखा तो उक्त पेकिट के अन्दर गाँजा भरा हुआ था जिसका कुल बजन 76 किलो 742 ग्राम को बरामद किया गया उक्त घटना के सम्बन्ध में आरोपियों को गिर0 कर अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) जप्त किया जाकर थाना एण्डोरी में अपराध क0 25/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर नियमानुसार विवेचना में लिया गया।

**बरामद मशरुका**–01. गाँजा 76 किलो, 742 ग्राम गाँजा, कीगती 22,00,000/- रुपये 02. एक स्पिट डिजायर कार, कीमती 3,00,000/- कुल बरामद मालमशरुका कीमती 25,80,000/- रुपये तक्त अवैध गाँजे के सम्बन्ध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है जिसमें और भी खुलासा होने की सम्भावना है आरोपियों पर पूर्व में भी कई अपराध दर्ज हैं जिनकी जानकारी प्राप्त की जा रही है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी एण्डोरी उ0नि0 परशुराम अहिरवार, सउनि रामप्रकाश शर्मा, प्रआर0 पवनकुमार, आरसरात नारायण, आर0 संजय, आर0 पंकज शर्मा, आर0 जसवन्त, आर0 ज्ञानसिंह, आर0 रजित, आर0 दिनेश,आर0 सोहनलाल, आर0 योगेन्द्र किरार सायबर सेल टीम सायबर सेल निरीक्षक दीपेन्द्र यादव, स0उ0नि0 सत्यवीर सिह, प्रआर0 महेश कुमार, प्रआर0 सतेन्द्र यादव आनन्द दीक्षित, राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# बलात्कार के आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए : अलका लांबा



ग्वालियर। बलात्कार पीड़ित नाबालिग एवं महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाने हेतु फास्ट्रेक कोर्ट एवं स्पेशल कोर्ट का शीघ्र गठन कर बलात्कारियों को फांसी पर लटकाया जाए। संदेशखाली घटना में पी?ित महिलाओं को न्याय दिलाने हेतु आरोपियों को फांसी पर च?ाया जाए। यह बात महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री अलका लांबा ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई घटना के बारे में सुश्री अलका लांबा ने कहा कि घटना में पी?ित महिलाओं को न्याय दिलाने हेतु आरोपियों को फांसी पर च?ाया जाए। वहीं साक्षी मलिक के सवाल पर उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार साक्षी के आरोपी की मदद कर रही है यह सारा देश जानता है। अलका लांबा ने कहा कि देश के किसानों को लेकर अदालत ने टिप्पणी की है। किंतु इसके बाद भी केंद्र की भाजपा सरकार किसानों के ऊपर ड्रोन के माध्यम से आंसू गैस के गोले छो? रही है, यह बहुत ही शर्मनाक है। पत्रकारवार्ता में प्रदेशाध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती विभा पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि पंवार, जिला अध्यक्ष मीनू परिहार उपस्थित थी।

# बॉयो फ्यूल ऑयल चोरी करने वाले आरोपियों को भिण्ड पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपियों के कब्जे से 30,000 लीटर बॉयो फ्यूल ऑयल तथा 02 टेंकर जप्त कुल कीमत 43,70,000 रुपये

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ऊमरी। दिनांक- 01/03/2024 को पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड डॉ. असित यादव, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक, के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड श्री संजय कोच्छा के मार्ग दर्शन में बॉयो फ्यूल चोरी करने वाले 05 आरोपियों को ऊमरी पुलिस ने किया गिरफ्तार चोरी गया 13,20,000 रुपये कीमती 30 टन बॉयो फ्यूल ऑयल, 50,000 रुपये नगदी सहित 02 टेंकरों को जप्त करने में सफलता प्राप्त की।दिनांक 18/02/2024 को थाना क्षेत्र ऊमरी के ग्राम खैरा में एक बॉयो फ्यूल ऑयल टेंकर के पलटने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसकी तस्दीक की गई तस्दीक के दौरान घटनास्थल पर पलटे टेंकर तथा टेंकर से फैले बॉयो फ्यूल ऑयल को देखकर टेंकर पलटने की घटना संदिग्ध प्रतीत हुई जिस पर से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. असित यादव द्वारा थाना प्रभारी ऊमरी को घटना की विस्तृत जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। जांच के दौरान बॉयो फ्यूल ऑयल का व्यवसाय करने वाले माँ भगवती इंटर प्राइजेज समस्तीपुर बिहार फर्म के मालिक कृष्णदेव झा निवासी ग्राम व पोस्ट कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार ने बताया कि दिनांक 13/02/2024 को उसने स्टार बॉयो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड बामौर मुरैना से 17,72,642 रुपये कीमती 33,915 कि.ग्रा. बॉयो फ्यूल ऑयल खरीदा था जिसे ट्रांसपोर्टर के माध्यम से टेंकर क्र. 2380 बामौर मुरैना से भरवाकर समस्तीपुर बिहार के लिये निकला था। दिनांक 18/02/2024 को टेंकर के ड्राइवर ने फर्म मालिक को फोन करके बताया कि बॉयो फ्यूल ऑयल से भरा टेंकर ग्राम खैरा थाना ऊमरी पर पलट गया है लेकिन जब मौके पर देखा तो बहुत कम बॉयो फ्यूल ऑयल घटनास्थल पर फैला पाया चोरी की शंका होने पर ट्रक मालिक, ड्राइवर, हेल्पर के विरुद्ध थाना ऊमरी में अपराध क्र. 35/2024 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान टेंकर मालिक व टेंकर के चालकों से पूछताछ की गई जिनके द्वारा उक्त टेंकर में से 24 टन बॉयो फ्यूल ऑयल योजनाबद्ध तरीके से देवरतन ढाबा नूराबाद में टिल्लूपंप से निकालकर एक अन्य साथी की मदद से टेंकर क्र. 1339 के मालिक को बेचना बताया तथा टेंकर में शेष बॉयो फ्यूल ऑयल को ग्राम खैरा के पास योजनाबद्ध तरीके से पलट देना बताया। विवेचना के दौरान टेंकर क्र.2380 जिसमें करीब 6 टन ऑयल शेष है तथा टेंकर क्र. 1339 जिसमें करीब 24 टन बॉयो फ्यूल भरा है को जप्त कर टेंकर क्र. रू2380 के मालिक व दो चालक, टिल्लू पंप से तेल निकालने वाले व बॉयो फ्यूल खरीदने वाले टेंकर क्र.1339 के मालिक को गिरफ्तार

किया जाकर जेआर पर पेश किया गया।

**जप्त मसरुका**– 1 टेंकर क्र. 2380 कीमती - 15,00,000 रुपये

2- टेंकर क्र. 1339 कीमती - 15,00,000 रुपये

3-30 टन बॉयो फ्यूल ऑयल कीमती 13,20,000 रुपये

4- घटना में प्रयुक्त एक टिल्लू पंप

5- 50,000 रुपये

अधिलिखित आरोपी चोरी में शामिल थे

1=रामविलास पुत्र कालका सिंह तोमर उम्र 48 साल निवासी सिद्ध नगर अंबाबाई पास मुरैना (टैंकर क्रमांक 2380 का मालिक)

2=राधाचरण तोमर पुत्र कालिका सिंह तोमर उम्र 35 साल निवासी मुरैना (टैंकर चालक)

3=हनुमंत पुत्र रामबरन सिंह तोमर उम्र 31 साल निवासी सिद्ध नगर मुरैना (टैंकर चालक)

4=रामकिशोर उर्फ रिंकू बघेल पुत्र राम अवतार बघेल उम्र 30 साल निवासी ग्राम अटा थाना सुमावली तहसील जोरा जिला मुरैना (टैंकर मालिक तोमर से ऑयल खरीदने वाला)

5= बलवीर सिंह परमार उम्र 45 साल निवासी ग्राम चौरई मुरैना(ऑयल को खरीदकर अपने टैंकर क्रमांक 339 में भरकर ले जाने वाला)

**सराहनीय भूमिका:** उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उ.नि. भान सिंह सिसौदिया, उ.नि. नीतेन्द्र मावई, सउनि सत्यवीर सिंह, आर. आनंद दीक्षित सायबर सैल भिण्ड, प्र. आर आशीष तिवारी, आरक्षक धर्मपाल परिहार, आलेश यादव, राहुल तोमर, प्रताप रजक, नीलेश तोमर, कुलदीप जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री म.प्र. शासन का भिण्ड जिले में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट परिसर भिण्ड में आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम,एडीएम राजकुमार खत्री सहित अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के भिण्ड जिले में 06 मार्च को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की समस्त तैयारियां यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाएं। सभी विभाग अपने-अपने विभागों से संबंधित सौंपे गये दायित्वों का पूर्णरूपेण निर्वहन कर मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।उन्होंने हेलीपेड स्थल, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रदर्शनी, हितग्राहियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु व्यवस्था, मंच व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु कार्ययोजना को मूर्तरूप देने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



# पहली बार 600 करोड़ पंजीयन राजस्व, पिछला रिकार्ड टूटा

ग्वालियर। ग्वालियर में अपने घर का सपना देखने वालों से लेकर जमीनों में निवेश करने वालों की संख्या ने रियल एस्टेट कारोबार को रफ्तार दी है। विस्तार होते ग्वालियर में सबसे ज्यादा जमीनों व मकान-फ्लैट, ड्यूप्लेक्स की डिमांड बढ़ी है। यही कारण है कि पंजीयन विभाग का पहली बार राजस्व 600 करोड़ पर पहुंच गया है, विभाग ने पिछले साल के 592 करोड़ के राजस्व का रिकार्ड तोड़ दिया है। इस बार पंजीयन विभाग रजिस्ट्री दस्तावेजों से 700 करोड़ तक का लक्ष्य पहुंचा सकता है, क्योंकि अभी पूरा मार्च माह बचा है और मार्च माह में हर साल 70 से 80 करोड़ का राजस्व आना सामान्य है। रजिस्ट्री होने की इस रफ्तार से यह साफ हो गया है कि मार्च में यह संख्या पिछले साल की तुलना में और बढ़ेगी।



बता दें कि ग्वालियर में वृत्त एक और वृत्त दो में पंजीयन दस्तावेजों को लेकर अलग अलग स्थिति रहती है। हर साल एक अप्रैल को नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होती है और वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी। पिछले साल एक अप्रैल से 31 मार्च तक छह सौ करोड़ का कारोबार छू गया था। नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होने के अंतिम समय में हर बार रजिस्ट्री काफी संख्या में होती हैं, ऐसा इसलिए भी होता है कि नई कलेक्टर गाइडलाइन में अलग अलग इलाकों की दरों में बढ़ोत्तरी सहित अन्य बदलाव होते हैं, तो लोग जल्दी रजिस्ट्री कराना ठीक समझते हैं।

**नई कलेक्टर गाइडलाइन, आने लगे सुझाव**– पहली बार 600 करोड़ पंजीयन राजस्व, पिछला रिकार्ड टूटानई कलेक्टर गाइडलाइन की प्रक्रिया भी वर्तमान में चल रही है, इसको लेकर उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठकों का दौर पूरा होने के बाद प्रस्ताव जिला मूल्यांकन समिति के लिए भेज दिए गए हैं। जिला मूल्यांकन समिति की पहली प्रारंभिक बैठक भी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की मौजूदगी में हो चुकी है, जिसमें अब तीन मार्च तक सुझाव मांगे गए हैं। शहर में नागरिकों की ओर से सुझाव आना शुरू हो गए हैं और अलग-अलग क्षेत्रों में कलेक्टर गाइडलाइन कम करने की मांग की गई है। इसी तरह चैंबर आफ कामर्स भी नई कलेक्टर गाइउलाइन को लेकर अपने सुझाव प्रेषित करेगा।नई कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर प्रक्रिया चल रही है और जिला मूल्यांकन समिति की बैठक जल्द होगी। वहीं पंजीयन विभाग ने पहली बार 600 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है। अभी मार्च का माह भी शेष है और 700 करोड़ तक आंकड़ा पहुंच सकता है। इस समय लोग विकसित होते ग्वालियर में निवेश व अपना घर लेने के लिए रजिस्ट्री अधिक करा रहे हैं और मार्च में यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। मार्च में अस्सी करोड़ तक आंकड़ा सामान्यत~ जाता है।

–डा. दिनेश गौतम, वरिष्ठ जिला पंजीयक,ग्वालियर

# विज्ञान महाविद्यालय में महिला अतिथि विद्वान को मिलेगा सवैतनिक मातृत्व अवकाश

ग्वालियर।श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय की जनभागीदारी की सामान्य परिषद एवं प्रबंध समिति की संयुक्त बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें पहली बार किसी महाविद्यालय की महिला अतिथि विद्वानों को सवैतनिक 30 दिवसीय मातृत्व अवकाश के अलावा 10 करोड़ रुपए की लागत से एक हजार बैठक क्षमता का सभागार बनाने का प्रस्ताव पास किया गया।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ आर्किटेक्ट अजय बंसल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्राचार्य डॉ बीपीएस जादौन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में



लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए श्री बंसल ने बताया कि महाविद्यालय में 11.50 करोड़ रुपए की लागत से कई विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। जिसमें 10 करोड़ रुपए की लागत से एक हजार बैठक क्षमता का सभागार,नौ लाख रुपए में प्राणी शास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के म्यूजियम का आधुनिकीकरण, पांच लाख रुपए में खेल मैदान के चारों ओर 15 फीट ऊंची दीवार, चार लाख में देशभक्ति सैल्फी पाइंट, अतिथि विद्वानों का मानदेय 30 हजार, पार्किंग विस्तार पर पांच लाख रुपए, स्वामी विवेकानंद सभागार के जीर्णोद्धार पर नौ लाख ,25 वर्ष से लंबित बाउंड्री वॉल के निर्माण को हरी झंडी दी गई। इसके साथ ही समिति सदस्य निधि गर्ग एवं रेखा गर्ग के द्वारा महिला अतिथि विद्वान को सवैतनिक 30 दिवसीय मातृत्व अवकाश स्वीकृत किया गया। बैठक में अशोक कुमार शर्मा, निधि गर्ग,अलोपी बंसल, अमित सेठी,शुभम जैन, रेखा गर्ग, राजेश गुर्जर, अभिषेक राजावत, शिवराज कटारे,योगेश इंदोरिया, डॉ नागेंद्र चतुर्वेदी, डॉ एस एस सेंगर, डॉ आरके खरे आदि मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार ग्वालियर के विकास की गति रुकने नहीं देगी : श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

**ग्वालियर। विधानसभा क्षेत्र में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के मुख्य आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**






**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर में विकास के नए-नए आयाम जुड़ रहे हैं और ग्वालियर बदल रहा है। विकास की यह गति अब रुकने वाली नहीं है। उन्होनें कहा कि विकास परियोजनाएं और कार्य ग्वालियर के साथ-साथ मध्यप्रदेश को विकसित बनाने के साथ जनता के जीवन को आसान बनायेंगी। इनसे निवेश, नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर बढेंगे। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण के लिए केंद्र और राज्य की सरकार खेती, उद्योग और टूरिज्म पर अधिक बल दे रही है। सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में नई क्रांति होते दिख रही है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली शामिल हुए थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में सर्वश्री बृजमोहन शर्मा, प्रयाग तोमर, योगेन्द्र, आकाश, मनमोहन पाठक, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश शेखावत, अरविंद राय, देवेन्द्र तोमर, मानसिंह राजपूत, महेन्द्र आर्य, गुड्डू रत्नाकर, सोनू त्रिपाठी, हरीबाबू सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बिरलानगर स्थित चार नम्बर लेन परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य आतिथ्य के रुप में शामिल हुए थे। यहाँ पर 26 करोड़ 37 लाख रूपए लागत के एक दर्जन कार्यो का लोकार्पण हुआ। जिनमें विनयनगर सौ फुटा रोड़ पर डामरीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कार्य नौगजा पुलिस चौकी से मरीमाता रेलवे क्रॉसिंग तक डामरीकरण कार्य, स्टेट बैंक चौराहे से आरामिल रेलवे की पट्टी तक डामरीकरण निर्माण कार्य, रेलवे फाटक रामदास घाटी से घोसीपुरा रेलवे स्टेशन होते हुए एबी रोड़ तक डामरीकरण कार्य, गांधीनगर रेलवे कोचिंग से कांति नगर लोको तक डामरीकरण, चन्द्रनगर मेन रोड डामरीकरण, विनय नगर सेक्टर-4 डामरीकरण, शासकीय भगवत सहाय महाविद्यालय ग्वालियर में 6 कक्ष भवन का निर्माण कार्य, तानसेन नगर से रेसकोर्स रोड़ निर्माण कार्य, गेंडे वाली सड़क निर्माण कार्य एवं आईआईटीएम के सामने जिला खेल परिसर के निर्माण कार्य का लोकार्पण शामिल है।इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास के नये नये आयाम लिखे जा रहे हैं, जिस कारण ग्वालियर बदल रहा है। विकास की यह गति अब रूकने वाली नहीं है। साथ ही आमजन को घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधायें मिले इसके लिए संजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे हैं। शीघ्र ही बिरला नगर प्रसूति गृह मे सोनोग्राफी का लाभ मरीजों को मिलने वाला है। इसके साथ ही उपनगर ग्वालियर में 10 नई पानी की टंकी भी बनेंगी। उन्होंने कहा कि जेसी मिल के श्रमिकों को उनका हक भी शीघ्र मिलने वाला है। इसके लिए हम प्रयासरत हैं। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में आये 571 हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। जिसमें उज्जवला योजना के 550 हितग्राही, आयुष्मान कार्ड 5 हितग्राही, पीएम स्वनिधि 5 हितग्राही, लाडली लक्ष्मी योजना के 5 हितग्राही एवं कामकाजी योजना के 6 हितग्राहियों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरण किया गया।



# अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा- लागू करने की दिशा में प्रदेश सरकार काम कर रही



ग्वालियर(नप्र)। अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने नगर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में यूसीसी लागू करने की दिशा में प्रदेश सरकार काम कर रही है। इस मुद्दे पर राज्य सरकार केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गौर ने कहा कि यह बात अल्पसंख्यकों की भी समझ में आ गई है कि 75 वर्ष तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस ने उनका शोषण किया है और वोट बैंक की राजनीति के कारण उन्हें विकास की मुख्यधारा से दूर रखा है। यही कारण है कि आज भी अल्पसंख्यक हर दृष्टि से पिछड़े हैं।

बालिका छात्रावास भी पहुंची-शुक्रवार को ग्वालियर दौरे के दौरान राज्यमंत्री कृष्णा गौर बालक एवं बालिका छात्रावास भी पहुंचीं। यहां निरीक्षण के दौरान कहा कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। छात्रों को छात्रावास में बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

**छात्रावास का औचक निरीक्षण**-गौर ने शासकीय संभागीय पिछड़ा वर्ग महाविद्यालयीन बालक छात्रावास हुरावली एवं शासकीय संभागीय पिछड़ा वर्ग महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास शारदा विहार का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से विस्तार से चर्चा भी की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि छात्रावास में छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिलें।

# खुशियों की दास्तां : प्रीति बोलीं मेरा घर तरक्की की खुशबू से महकने लगा है

**ग्वालियर।** पहले हम हाथ से अगरबत्ती बनाने का काम करते थे। इसमें समय ज्यादा लगता और बचत कम होती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी ने मुझे श्रमिक से उद्यमी बना दिया है। सरकार ने मुझे अगरबत्ती बनाने की इलेक्ट्रोनिक मशीन शतप्रतिशत अनुदान पर दी है, जिससे हमने अपने घर पर अगरबत्ती निर्माण का लघु उद्यम स्थापित कर लिया है। यह कहना है ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के ग्राम मिलघन की निवासी श्रीमती प्रीति चौहान का । प्रीति बताती हैं कि मेरे पति रंजीत सिंह चौहान राजमिस्त्री (मकान कारीगर) का काम करते हैं। पहले उन्हीं की कमाई से घर का खर्चा चलता था। वे बताती हैं कि जब मेरी बिटिया सातवीं कक्षा और बेटा तीसरी कक्षा में पहुँचा तब घर का खर्चा कम पड़ने लगा। खर्चे बड़े तो मैंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से मिली मदद की बदौलत मैंने घर पर हाथ से अगरबत्ती बनाने का काम शुरू किया। इससे मुझे औसतन 100 रूपए रोज के हिसाब से आमदनी होने लगी। पर इस आमदनी से भी घर के खर्चे पूरे नहीं हो पा रहे थे। प्रीति बताती हैं कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित रानी लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समूह से जुड़े होने की वजह से न केवल मुझे बार-बार मदद मिली, बल्कि उद्यम शुरू करने के लिये मार्गदर्शन भी मिला। एक दिन समूह की बैठक में मुझे बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने योजनाओं के माध्यम से सभी को अपने सपने पूरे करने की गारंटी दी है। मैंने समूह में मौजूद आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक से पूछा कि इस गारंटी से मुझे अगरबत्ती लघु उद्योग स्थापित करने के लिये कैसे मदद मिल सकती है। तब उन्होंने बताया कि आपको खादी ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत शतप्रतिशत अनुदान पर बड़े पैमाने पर अगरबत्ती निर्माण के लिए इलेक्ट्रोनिक मशीन मिल सकती है। अपनी सफलता की दास्तां सुनाते हुए प्रीति बोलीं कि यहीं से हमारे भाग्य खुल गए। मैंने आजीविका मिशन के सहयोग से अपना फॉर्म भर दिया। खादी ग्रामोद्योग आयोग की योजना के तहत मेरा आवेदन मंजूर हुआ और मुझे 84 हजार रूपए लागत की इलेक्ट्रोनिक मशीन शतप्रतिशत अनुदान पर मिल गई है। वे कहती हैं कि अब मुझे कम से कम 500 रूपए प्रतिदिन की आमदनी होगी, जो उत्पादन के आधार पर बड़ती जायेगी। प्रीति बताती हैं कि खादी ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत मुझे व्यवसायिक स्तर पर अगरबत्ती का मसाला तैयार करने व उच्च गुणवत्ता की अगरबत्ती निर्माण करने का प्रशिक्षण दिलाया गया है। साथ ही यह भी बताया गया है कि आपके द्वारा बनाई गईं अगरबत्तियाँ कहाँ पर अच्छे दाम में बिक जायेंगीं। प्रीति बोलीं कि मेरे द्वारा निर्मित अगरबत्तियाँ जहाँ औरों का घर महका रही हैं वहीं तरक्की की खुशबू से हमारा घर महकने लगा है।

# पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को मिलेंगीं बेहतर सुविधाएँ : कृष्णा गौर

**- पिछडा वर्ग कल्याण मंत्री ने ग्वालियर में छात्रावासों का किया औचक निरीक्षण**



ग्वालियर 7 प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में छात्र ‌ छात्राओं को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। छात्रों को छात्रावास में बेहतर सुविधायें मिलें, इसके लिये सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने शुक्रवार को ग्वालियर में बालक एवं बालिका छात्रावास के औचक निरीक्षण के दौरान यह बात कही। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने शुक्रवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान शासकीय संभागीय पिछड़ा वर्ग महाविद्यालयीन बालक छात्रावास हुरावली एवं शासकीय संभागीय पिछड़ा वर्ग महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास शारदा विहार का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से विस्तार से चर्चा भी की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि छात्रावास में छात्रों को बेहतर सुविधायें मिलें, इसके साथ ही छात्रावास में साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य भी तत्परता से कराया जाए, ताकि छात्रों को अध्ययन हेतु बेहतर माहौल मिल सके। पिछडा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भी मंशा है कि छात्रों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि शासन ने निर्णय लिया है कि पिछड़ा वर्ग के सभी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के लिये कैन्टीन (भोजन कक्ष), ई-लाइब्रेरी, जिम, छात्रावास की छत पर सोलर पैनल के साथ ही सभी छात्रावासों में वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हमारे छात्रावासों में आने वाली पीड़ी तैयार हो रही है। छात्रावासों के छात्र-छात्राओं को अच्छी सविधा उपलब्ध होंगीं तो वे मन लगाकर पड़ेंगे और प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि शारदा विहार स्थित कन्या छात्रावास में 41 छात्राएँ निवास कर रही हैं। इसी प्रकार बालक छात्रावास में लगभग 100 बालक निवास कर रहे हैं।

# समय के बदलते चक्र में वैदिक घड़ी से दुनिया में मध्यप्रदेश और देश का नाम बड़ेगा : सीएम यादव



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समय के बदलते चक्र में उज्जैन में स्थापित दुनिया की पहली वैदिक घड़ी मध्यप्रदेश एवं देश का नाम दुनिया में बड़ायेगी। अब भारत का समय दुनिया में जाना जायेगा। राज्य सरकार सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित साहित्य का सृजन करने का प्रयास भी कर रही है। सम्राट विक्रमादित्य पर हमें सदैव गर्व रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कालिदास अकादमी उज्जैन में संस्कृति विभाग स्वराज संस्थान एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव-2024, रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव उज्जैन-2024 और उज्जयिनी व्यापार मेला-2024 का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1576 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। जिसमें ग्वालियर जिले की 3 लाख 11 हजार 1600 हितग्राहियों के खातों में पहुँची 38 करोड़ 30 लाख रूपए की राशि शामिल है। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की 2 लाख 85 हजार बालिकाओं के खाते में छात्रवृत्ति की 85 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। जिसमें ग्वालियर जिले की कक्षा-6, 9, 11 व 12वीं कक्षा में अध्ययनरत 4 हजार 264 बालिकाओं के खाते में पहुँची धनराशि भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचासीन अतिथियों के साथ मां सरस्वती एवं सम्राट विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी, सांसद अनिल फिरोजिया और विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, सतीश मालवीय, चिंतामण मालवीय तथा महापौर मुकेश टटवाल मंचासीन थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सभ्यता के आदित्य को दुनिया में पहचाना गया है। नागरिक तंत्र स्थापना के प्रथम पुरूष के रूप में सम्राट विक्रमादित्य जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव सरकार द्वारा समाज को साथ लेकर चलने वाला उत्सव है। उज्जैन काल गणना की नगरी है। साथ ही महाकाल की नगरी भी उज्जयिनी है। हम सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। सनातन संस्कृति पर हमें गर्व है। महाकवि कालिदास ने अपने ग्रंथ और काव्यों के माध्यम से उज्जैन की गौरवगाथा का वर्णन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर अर्ष भारत, वीर भारत, संकल्प न्यास और मण्डला, डिंडोरी, जबलपुर, सतना, जिलों के स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर केन्द्रित पुस्तकों, रामराजा शीर्षक से प्रकाशित पुस्तकों और ओरछा के रामराजा पर केन्द्रित सीडी का विमोचन भी किया।केन्द्रीय नागरिक उडड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उज्जैन प्राचीन नगरी है। उज्जैन मध्यप्रदेश ही नहीं समूचे विश्व की एक प्राचीन धरोहर है। यह गौरव की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन ही नहीं पूरे प्रदेश का विकास करने का कार्य कर रहे हैं । उज्जैन को धार्मिक, आध्यात्मिक केन्द्र ही नहीं व्यापार, व्यवसाय एवं प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाने का प्रयास भी उनके द्वारा किया जा रहा है। उज्जैन के विकास में सिंधिया परिवार के योगदान उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि महाराजा राणोजी सिंधिया द्वारा महाकाल मंदिर निर्माण करवाया गया था और माधव महाराज द्वितीय ने माधवगंज में फ्रीट्रेड फेयर की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि उज्जैन में अपार संभावनाएं हैं। उज्जैन व्यापार मेले की शुरूआत प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में कृषि के साथ ही फार्मा इंडस्ट्री, टेक्सटाइल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। सिंधिया ने कहा कि इन्दौर के बाद उज्जैन भी आने वाले समय में मिनी बाम्बे के रूप में पहचाना जायेगा।पूर्व मंत्री पारस जैन, पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुण्डला, जगदीश अग्रवाल सहित जन-प्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संभागायुक्त डॉ. संजय गोयल उपस्थित थे।लाड़ली बहना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत राशि अंतरण के अवसर पर यहाँ ग्वालियर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिले की लाड़ली बहनाएँ व लाड़ली लक्ष्मी तथा कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास धीरेन्द्र सिंह जादौन व सहायक संचालक राहुल पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा नेतृत्व दो मीसाबंदी नेताओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाये : मदन बाथम



ग्वालियर। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन विटवेकर ने शुक्रवार को ग्वालियर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व से लोकतंत्र सेनानी संघ की यह मांग है कि दो मीसाबंदी नेताओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाया जाए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी को संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 होशंगाबाद (नर्मदापुरम) एवं प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक को संसदीय क्षेत्र क्रमांक 19 भोपाल से भाजपा प्रत्याशी बनाया जाये। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के लोकसभा में रहने से कांग्रेस के द्वारा 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की गई थी। जिससे सदन को यह स्मरण होता रहेगा। उनकी लोकसभा में उपस्थित लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी तथा लोकतंत्र सेनानी स्वयं को गौर्वान्वित महसूस करेंगे नेता द्वय ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों की उपरोक्त भावनाओं से ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व्हीडी शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान को अवगत करा दिया गया है। बाथम ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय अधिवेशन 21 मार्च को जयपुर में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी मुख्य अतिथि होंगे।

# पुरी-आनन्द विहार टर्मिनस-पुरी का स्टॉप ग्वालियर स्टेशन पर किया जाए-

ग्वालियर। ईस्ट कोच रेलवे द्वारा ‘होली त्यौहार’ को ध्यान में रखते हुए पुरी-आनन्द विहार टर्मिनस-पुरी के मध्य मार्च माह में 05 दिन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है, परन्तु उक्त ट्रेन का ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर नहीं होने पर म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर इस स्पेशल ट्रेन का ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई है । अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि पुरी-आनन्द विहार टर्मिनस-पुरी के मध्य 5 दिन चलने वाली स्पेशल ट्रेन का ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर नहीं किए जाने से इस ट्रेन का लाभ ग्वालियर अंचल के यात्रियों को नहीं मिल पाएगा, जबकि ग्वालियर से जगन्नाथपुरी के लिए काफी श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है । पदाधिकारियों ने माननीय केन्द्रीय मंत्री द्वय से उपरोक्त ‘स्पेशल ट्रेन‘ का ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर भी उपलब्ध कराने की माँग करते हुए कहा है कि ऐसा होने से ग्वालियर अंचल के यात्री भी इस ट्रेन से यात्रा कर, लाभान्वित हो सकेंगे ।

# पक्षकारों के मध्य कटुता समाप्त कराने में मध्यस्थ की भूमिका महत्वपूर्ण- प्रधान जिला न्यायाधीश



**ग्वालियर ।** जिस प्रकार नाव नदी के दोनों किनारों को जोड़ने का काम करती है, वैसे ही प्रशिक्षित मध्यस्थ, पक्षकारों के मध्य विवाद के कारण आई कटुता को समाप्त करने का कार्य करता है। पक्षकारों के मध्य कटुता दूर करने में मध्यस्थ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस आशय के विचार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण क्ष्ट गुप्ता ने व्यक्त किए। प्रधान न्यायाधीश क्ष्ट गुप्ता मीडिएशन एंड कंसिलेशन प्रोजेक्ट कमेटी सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली (एमसीपीसी) द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं के लिए आयोजित हुए 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।प्रधान जिला न्यायाधीश गुप्ता ने कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के अंतर्गत मध्यस्थता से मामलों के निराकरण में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करके इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गई शिक्षा को सभी अधिवक्ता सदैव याद रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन मुजाल्दा, जिला रजिस्ट्रार वरूण शर्मा, एमसीपीसी ट्रेनर शाहिद मोहम्मद, राजेश दास, श्रीमती नीना खरे,प्रशिक्षु व्यवहार न्यायाधीश सुश्री अश्विनी गहलोत, विवेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा,सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी,गुना, अशोकनगर, दतिया एवं टीकमगढ़ न्यायिक जिले की तहसील भितरवार, लहार, गोहद, अंबाह, जोरा, सबलगढ़, विजयपुर, पिछोर, करैरा, कोलारस, खनियांधाना, चाचौड़ा, राधौगढ़, आरोन, चंदेरी, मुंगावली, सेवढ़ा, ओरक्षा, निवाड़ी, जतारा के 50 मध्यस्थों को 40 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478